Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 53 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 06 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिस प्रकार अंधकार और प्रकाश दोनों इस धरती पर है, वैसे ही धर्म और अधर्म भी इस धरती पर है।

Obserrance and non-obserrance of religion both exit on this earth like light and darkness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## बांग्लादेश में बिगड़ते हालात को देखते हुए शेख हसीना ने देश छोड़ा


### प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा-भारत में शरण...डोभाल से मुलाकात...



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे से कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बिगड़ते हालात को देखते हुए यहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबित वह हेलीकॉप्टर से भारत के लिए रवाना हो गई हैं। वहीं, सूत्रों की माने तो पीएम हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार शेख हसीना अपनी बहन के साथ भारत के लिए रवाना हो गई हैं। लेकिन वहीं अन्य रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि वह लंदन जा सकती हैं। इससे पहले रॉयटर्स ने एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बहन को आधिकारिक आवास से दूर एक सुरक्षित आश्रय में ले जाया गया है। उसके थोड़ी देर बाद ही एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि पीएम हसीना भारत के लिए रवाना हो गई हैं। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर हो गए हैं। यहां के प्रधानमंत्री आवास में प्रदर्शनकारी घुस गए हैं। वहीं, देश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन करेंगे। देश में जल्द सबकुछ सही हो जाएगा। आपको बता दें कि बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुई हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना के एक वरिष्ठ सलाहकार ने सोमवार को पहले ही बता दिया था कि ऐसी उम्मीद है कि पीएम अपने पद से इस्तीफा दे सकती हैं। नाम न छापने की शर्त पर सहयोगी ने कहा था, 'हालात ऐसे बन रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह कैसे होगा। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के बेटे साजिब वाजेद जॉय ने सुरक्षा बलों से सरकार से जुड़े लोगों के अलावा सभी उपद्रवियों को रोकने का अनुरोध किया है। अमेरिका में रहने वाले जॉय ने फेसबुक पोस्ट में कहा, 'आपका कर्तव्य हमारे लोगों और हमारे देश को सुरक्षित रखना और संविधान को बनाए रखना है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'इसका मतलब है कि किसी भी अनिर्वाचित सरकार को एक मिनट के लिए भी सत्ता में न आने दें, यह आपका कर्तव्य है।'पीएम हसीना के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार के रूप में काम करने वाले जॉय ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया। गया तो बांग्लादेश द्वारा की गई प्रगति खतरे में पड़ सकती है। हमारा विकास और प्रगति सब कुछ गायब हो जाएगा। बांग्लादेश वहां से वापसी नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं चाहता और आप भी ऐसा नहीं चाहते। मैं जब तक इसे रोक सकता हूं, तबतक ऐसा नहीं होने दूंगा।' एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि इन तनावों के बीच बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां देश को संबोधित करने वाले हैं।

## सेल्फी के चक्कर में युवती ने जोखिम में डाली जान

**सतारा।** सेल्फी के चक्कर में एक युवती ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। युवती को रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया गया। महाराष्ट्र के सतारा में युवती उनघर रोड पर बोर्ने घाट पर सेल्फी लेने के लिए पहुंची थी। सेल्फी लेने के दौरान वो संतुलन नही बना सकी। उसका पैर फिसला और वह 100 फीट नीचे खाई में गिर गई। लड़की के गिरने के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए और जैसे-तैसे लड़की को बचाया गया।




## लोकसभा में बोलीं निर्मला सीतारमण : कागज लेकर आइए,सरकार पैसा देने को तैयार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सहारा की दो योजनाओं के तहत निवेशकों को कुल 25,000 करोड़ रुपये में से अब तक केवल 138.07 करोड़ रुपये वापस किये गये हैं। निचले सदन में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, सीतारमण ने कहा कि अब तक दावों की संख्या 19,650 है। उनके मुताबिक, इन दावों में से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उनके दावों का निपटारा किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती क्योंकि हर चीज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। सहारा रिफंड को लेकर पूछे गए सवाल पर सीतारमण ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार तो हाथ जोड़कर खड़ी है कि आइए सारे कागजात लाइए और अपने पैसे ले जाइए। लेकिन कोई आ नहीं रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग बाहर जाकर ये ना कहें कि सरकार पैसा नहीं दे रही है। सरकार तो पूरी तरह से तैयार है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट सुपरवाइज कर रही है।सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने यह भी कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा, "यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। एक सदस्य के सवाल पर कि सेबी की ऐसी कोई संपत्ति नहीं है जिसे नीलाम नहीं किया जा सके और निवेशकों को पैसा नहीं दिया जा सके, उन्होंने कहा, हां, सहारा की, जिसे सेबी नीलाम कर सकता है और पैसा वापस ले सकता है।

## मनु समापन समारोह में होंगी ध्वजवाहक

**पेरिस।** स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने पेरिस खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का इन खेलों में पदक का खाता खुलवाया था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने कहा, 'हां, मनु को ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और वह इसकी हकदार हैं।' हरियाणा की 22 वर्षीय निशानेबाज ने इससे पहले कहा था कि भारत का ध्वजवाहक बनना सम्मान की बात की है।

## विदेश मंत्री से मिले राहुल गांधी, दोनों ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर गहन चर्चा की

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के मानसून सत्र से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कहा कि हमें यह देखने को मिला कि वर्तमान स्थिति हमारी सीमा सुरक्षा को कैसे प्रभावित करने वाली है। यदि बांग्लादेश में कोई भारतीय नागरिक हैं तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी सुरक्षित हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम यह भी सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि बांग्लादेश से हमारी सीमाओं में आने वाले शरणार्थियों की कोई आमद न हो। सभी यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे हित सर्वोपरि हैं, राजनीतिक दल भारत सरकार के पीछे एकजुट होंगे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखना होगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार देश को मौजूदा स्थिति से अवगत कराये। बांग्लादेश में रहने वाले सभी भारतीय सुरक्षित रहें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। संसद भवन के कक्ष में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश में हुए हालात की जानकारी दी है। पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा की खबर है। भारत का स्टैंड पूरे मुद्दे पर क्या होगा। भारत रणनीतिक, राजनयिक और सैन्य तौर पर कैसे आगे बढ़ेगा। इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि अप्रोपिएशन बिल लोकसभा में पारित हुआ। उसके बाद पीएम मोदी संसद भवन के कमरे में गए। उनके पीछे पीछे विदेश मंत्री एस जयशंकर भी पहुंचे। जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि बांग्लादेश में जो हालात है। शेख हसीना का इस्तीफा हो गया। सेना द्वारा अंतरिम सरकार बनाई जाएगी।



# अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बनी हुई है शिक्षकों की कमी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन की ओर से पिछले साल सितंबर माह में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए संविदा में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस दौरान उम्मीदवारों से विभिन्न विषयों के व्यायाता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक के साथ ही ग्रंथपाल के कुल 134 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इसमें हजारों उमीदवारों ने आवेदन किया था। इसके बाद आगे की प्रक्रिया नहीं बढ़ी। जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बनी हुई है। शैक्षणिक सत्र के डेढ़ माह गुजर गए हैं। लेकिन अभी तक शिक्षकों को कमी को दूर नहीं किया जा सका है। इससे शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भौतिकी, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, रसायन, अंग्रेजी , गणित, संस्कृत, हिन्दी सहित अन्य विषयों के व्यायाता और शिक्षकों की कमी है। इससे जिन विद्यायालयों में इन शिक्षकों




कमी है, वहां इन विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के लगभग 14 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में विभिन्न विषयों के व्यायाता, शिक्षक, सकायक शिक्षक, प्रधान पाठक के साथ ही ग्रंथपाल भी नहीं है। जबकि शिक्षा सत्र के डेढ़ माह गुजर गए हैं। इस अवधि में निजी स्कूलों की पढ़ाई काफी आगे बढ़ गई है। लेकिन कई सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी की वजह से अध्यापन का कार्य पिछड़ रहा है। इससे कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है। अभिभावक भी बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित हैं। अभिभावकों का कहना है कि शासन ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल तो खोल दिए लेकिन शिक्षकों की कमी को दूर करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समय पर पहल नहीं की गई तो सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और इसका असर छत्तीसगढ़ माध्यमिक और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम पर असर पड़ेगा। इधर जिला प्रशासन ने शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए मिडिल स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गई है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से मिडिल स्कूलों के लिए 96 शिक्षकों की स्वीकृति प्रदान की है। इससे माध्यमिक विद्यालयों में जहां तीन से कम शिक्षक थे, अब इन विद्यालयों में न्यूनतम तीन शिक्षक होंगे। मिडिल स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ मिलने की बात कही है। जिले में लगभग 518 मिडिल स्कूल संचालित है। उन्होंने बताया कि अनेक स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने से अध्यापन प्रभावित होने की शिकायत लंबे समय से आ रही थी। इन शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से की जाएगी। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत स्तर पर योग्य शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर विकासखंड स्तर पर, फिर जिला स्तर पर अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा सत्र के शुरुवात के साथ ही हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ 118 शिक्षकों की नियुक्ति भी जारी है।

# अब जंगल में ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों की ओर नहीं जाते पहाड़ी कोरवा राजकुमारी के कदम

## वनांचल की राजकुमारी ने शुरू की जिंदगी की नई पारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बात कुछ महीने पहले की ही है। राजकुमारी की जिंदगी किसी राजकुमारी की तरह तो दूर की बात, एक सामान्य इंसान की तरह भी न थी। जंगल में रहना, तेंदू-चार बीनना,बकरी चराना, घर में बाड़ी में काम करना तो कभी खेतों में हल चलाना और सुबह-शाम चूल्हें फूंकना राजकुमारी के जिंदगी की जद्दोजेहद में शामिल थी। शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पेंड्रीडीह गाँव की पहाड़ी कोरवा महिला राजकुमारी की ख्वाहिश तो थी कि वह पढाई करें और कुछ नौकरी करें। पढ़ाई की उनकी यह ख्वाहिश पूरी तरह से पूरी नहीं हो सकी। लेकिन जितना भी पढ़ी थीं, उन्हें समझ थी कि पढ़ाई ही एक ऐसा माध्यम है जो उन्हें और और उनके समाज को उन्नति की राह पर आगे ले जा सकता है। एक उम्र के साथ ही घर वालो द्वारा रिश्ता तय करने के बाद ससुराल आई राजकुमारी को जब मालूम हुआ कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले के शिक्षित पहाड़ी कोरवाओं को नौकरी दी जा रही है तो उन्होंने देरी नहीं की। अपना आवेदन दिया और पक्के इरादों के साथ जंगल से दूर आकर शहर में नौकरी शुरू की। अब जब नौकरी मिल गई है तो पहाड़ी कोरवा राजकुमारी की दिनचर्या ही बदल गई है। पहले सुबह उठते ही जो कदम उबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर जंगल की ओर जाया करते थे, अब वह जिंदगी की नई पारी और एक नई जिम्मेदारी के साथ स्कूल की ओर आती है। कोरबा ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम पेंड्रीडीह की पहाड़ी कोरवा राजकुमारी ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन अचानक से उन्हें जंगल छोड़कर शहर आना पड़ेगा। उन्हें तो लगता था कि वह जंगल में ही पैदा हुई और अब जिंदगी इन्हीं जंगल में ही बीतेगी। जिले के शिक्षित बेरोजगार पहाड़ी कोरवा जनजाति के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल किए जाने के पश्चात वनांचल की राजकुमारी की किस्मत भी एकाएक बदल गई। अपना आवेदन जमा करने के साथ ही भृत्य पद के लिए चयनित हुई पेंड्रीडीह की राजकुमारी ने जंगल से शहर आकर नौकरी की शुरुआत की। आठवीं पास राजकुमारी ने बताया कि जंगल के आसपास ही उनके पुरखो की जिंदगी कटी है, वह भी काट रही थी।

# कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की निविदा निरस्त करें : कलेक्टर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदारों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किये जाये. उन्होंने कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की निविदा निरस्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा शिकायत मिलने पर कार्यो की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य करने वाले ठेकेदारों को 2 माह में सभी अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि ऐसे ठेकेदार जिसका 80 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान किया जाना है, उनका जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा कार्यों के सत्यापन के पश्चात ही भुगतान किया जाये। उन्होंने बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/समूह नल-जल प्रदाय योजना, सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना, स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कूप खनन कार्य, समूह नल जल प्रदाय योजना, विद्युतीकरण आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पंजाबी महिला मंडल और इनर व्हील क्लब ने मिलकर मनाया सावन उत्सव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पंजाबी महिला मंडल और इनर व्हील क्लब ने सयुंक्त रूप से सावन उत्सव में मजेदार गेम्स खेला और सावन क्विन बनी प्रथम मनप्रीत धोट द्वितीय सिमरजीत अरोरा तृतीय नीता दुआ। इसी कड़ी में 1ह्यह्ल गेम विनर मुक्ता शर्मा, दूसरे स्थान में ममता वासन को इनरव्हील पूर्व अध्यक्ष वसंत मनोहर ने पहनाया। क्राउन प्रोग्राम में सभी पंजाबी महिलाओं ने हिस्सा लिया। नाच गाने के साथ सावन के झुला, लजीज व्यंजनों के साथ सावन उत्सव मनाया गया। इनरव्हील के अध्यक्ष बॉबी धनजल, सचिव प्रतिभा पुंडलीक ने सभी गेम विनर को पुरुस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में पंजाबी महिला मंडल के कार्यकारिणी सदस्य शशि ठाकुर, किकी भाटिया, डेज़ी बिंद्रा, ज्योति जुनेजा, नेहा अरोरा, डॉली गुलाटी, सिमरन अरोरा,ममता वासन, मोहिंदर मैहर, पूर्व अध्यक्ष रीता क्षेत्रपाल, उषा शर्मा के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम में मंदीप भाटिया, कुलदीप भाटिया, पलवींदर ढोट, तेजेन्द्र कपूर, मनीषा शर्मा, रजनी दुवा, शुभ लता शर्मा, डॉली लांबा, कशिश अरोरा, आरती कोहली, रजी भाटिया बढ़ चढ़ कर हिसा लिया। बच्चों ने प्रोग्राम की शोभा बढ़ाई। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। सभी सदस्य को पंजाबी महिला मंडल की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# तीन गौ तस्कर गिरफ्तार, 11 नग गौ वंश बरामद

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जशपुर पुलिस ने जान पर खेलकर भारी बारिश के दौरान बीती रात 11 नग गौ वंश को तस्करी होने से बचाया, गौ तस्करी करते मो. शमीम खान एवं मो. बेलाल शाह पुलिस के हत्थे चढ़े, मो. शमीम खान नदी में छलांग लगा दिया था उसे नदी से पुलिस द्वारा निकालकर किया गया गिरफ्तार। जशपुर पुलिस ने जान पर खेलकर भारी बारिश के दौरान बीती रात 11 नग गौ वंश को तस्करी होने से बचा लिया है। गौ तस्करी करते मो. शमीम खान एवं मो. बेलाल शाह पुलिस के हत्थे चढ़े। मो. शमीम खान नदी में छलांग लगा दिया था उसे नदी से पुलिस द्वारा निकालकर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस द्वारा निरंतर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये लगभग 300 मवेशियों को जब्त किया गया है, फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है एवं पुराने मवेशी व्यापारी गिरफ्तारी के भय से न्यायालय में सरेंडर कर रहे हैं। शनिवार दिनांक 03.08.2024 एवं 04.08.2024 की दरम्यानि रात्रि में पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि जशपुर-झारखंड सीमा के ग्राम साईंटांगरटोली लोदाम से झारखंड की ओर पीकअप वाहन क्र. जे.एच. 02 ए.एस. 5243 में कुछ लोग क्रूरतापूर्वक मवेशी को तस्करी करते हुये झारखंड की ओर ले जा रहे हैं, इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु दल-बल के साथ रवाना किया गया। पुलिस द्वारा मुखबीर के बतायेनुसार जगह पर घात लगाकर पीकअप वाहन एवं तस्करों पर दबिश दिया गया, दबिश देने पर एक आरोपी मो. बेलाल खान पानी/कीचड़ से भरे खेत की ओर भागने लगा जिसे लगभग 02 किलोमीटर तक पीछाकर अभिरक्षा में लिया गया एवं आरोपी मो. शमीम खान पुलिस के पीछा करने पर ह॥-43 के रेस्ट एरिया से आगे जाकर नदी में छलांग लगा दिया, जिसे पुलिस के अधि./कर्मचारियों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर नदी में कूदकर निकाला एवं उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा उक्त पीकअप वाहन से 11 नग गौ वंश को जब्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है। प्रकरण में थाना लोदाम में पशु तस्करी का अपराध दर्ज कर आरोपी मो. शमीम खान उम्र 27 साल एवं मो. बेलाल खान उम्र 28 साल दोनों निवासी साईंटांगरटोली थाना लोदाम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में संलिप्त कुछ आरोपी फरार हैं, जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे। पशु तस्करी में जब्त वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ अधिनियम के रोकथाम हेतु विधिक कार्यक्रम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन अनुसार 03 अगस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में कार्यस्थल में कार्य करने वाली महिलाओं के यौन उत्पीडऩ के रोकथाम हेतु जागरूक किये जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं का अभिनंदन व स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता का यह इतिहास रहा है कि महिलाओं को सबसे पहले बड़े सम्मानपूर्ण देखा जाता रहा है। उसके पश्चात् युग बदलता गया।




महिलाओं को कई बार प्रताड़ित होना पड़ा, अपमान सहना पड़ा। उसके बाद नियम बनाये गये तथा सतीप्रथा का विरोध कर रोक लगाई गई और अब नया अधिनियम लागू किया गया कि यौन उत्पीडऩ के रोकथाम अधिनियम 2013 लागू किया गया। यौन उत्पीड़न् की घटना के रोकथाम करने तथा अधिनियम का प्रचार-प्रसार करने के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिला जो हमारे घर को संवारती है संभालती है, व्यवस्था को वही कायम रखती है। अब महिलाएं भी कार्य करने के लिये बाहर जाते हैं, तो सजग रहने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर किसी के साथ महिला प्रताडऩा जैसी घटना सामने आती हैं तो तुरंत कार्यवाही करवाएं। पहले महिलाएं घर से निकलती नहीं थी अब शाम रात में भी महिलाएं स्वतत्रंता से आवागमन कर रही हैं। जहां महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं, वहां हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अधिनियम के तहत और विधिक गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए, जिसके लिये आप सभी अपना अपना प्रस्ताव रख सकते हैं। श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश एस्ट्रोसिसिजट एक्ट, कोरबा ने कहा की कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ अधिनियम के अंतर्गत हमें सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है। महिलाओं को यह आवश्यक है कि जब उसके साथ कोई यौन उत्पीडऩ या अन्य किसी प्रकार के व्यवहार करता है जो अभद्रता पूर्ण हो तो महिला को शिकायत किसी अधिकारी के समक्ष रखता तो है, लेकिन जब कार्यस्थल पर यह घटना हो रही है तो महिला जोर से चिल्ला कर उसके व्यवहार का विरोध करें, जिससे पीड़ित महिला को हिम्मत भी मिलेगा और अपराधी दुबारा हरकत करने से हिचकिचायेगा। श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश, कोरबा के द्वारा कहा गया कि यौन उत्पीडऩ में सामने वाले का इंटेनशन देखना जरूरी हो जाता है। जब यौन उत्पीडऩ में विभिन्न तरह की धाराएं और उसमें इन्टेशन को देखना जरूरी होता है। कोई भी व्यक्ति यदि दुर्व्यव्हार करता है, तो संकोच किये बिना उसके खिलाफ एक्शन होना चाहिये तथा संबंधित अधिकारी के समक्ष निष्पक्ष रूप से रखना उचित होगा। हमारे विधिक साक्षरता शिविर लगाने का उद्देश्य ही यही है कि लोगों को यौन उत्पीडऩ से संबंधित जानकारी दे सकें और संकोच को खत्म होना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हाईवे में मिला महिला का शव,हत्या की आशंका

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जशपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के आगडीह में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि महिला की हत्या हुई है। वहीं महिला की पहचान अबतक नही हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेशनल हाईवे 43 पर कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम आगडीह में सोमवार को ग्रामीणों ने एक महिला का शव देखा और तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाने में दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है वहीं महिला की शिनाख्त का प्रयास किया पर किसी ने भी महिला को नही पहचाना। किंतु शव को देखकर पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या का अनुमान लगा रही है। यह मामला हत्या का है या कुछ और यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। फिलहाल कोतवाली पुलिस शव की शिनाख्ती में जुटी हुई है।

### सात महीने में 394 गुम लोगों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की पुलिस ने पिछले 7 महीने मे गुम 394 लोगों का रेस्क्यू किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बच्चो की दस्तयाबी के लिये तत्काल कार्यवाही करे। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशों के पालन हेतु थाना बांगो के द्वारा कुल 02 गुम बालिका को दस्तयाब किया गया। नाबालिको के गुम होने के मामले को अति संवेदनशील और गंभीर मामला माना जाता है, अत: प्रत्येक मामले में नाबालिक का अपहरण होने की दृष्टिकोण से देखा जाकर तत्काल अपहरण के धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत एफ्आईआर दर्ज किया जाता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक मामले में विशेष टीम का गठन कर बरामदगी हेतु तत्काल प्रयास किया जाता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की मदद से गुम इंसान को बरामद करने का प्रयास करती है। इसी के अंतर्गत वर्ष 2024 में अभी तक कुल 394 गुम इंसान को बरामद करने में सफलता मिली है जिसमे 88 पुरुष, 202 महिला, 23 बालक एवं 81 बालिकाएं हैं ।

### भारी बारिश से कोरबा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा में बीते 24 घंटों से हो रही भारी बारिश ने शहर में जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के सबसे पॉश इलाकों में से एक, आरएसएस नगर में पानी भर जाने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरएसएस नगर, जो अपने आलीशान बंगलों और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है, वहां बारिश का पानी नालियों के ओवरफ्लो होने से सड़कों पर बहने लगा। पानी का स्तर इतना बढ़ गया कि कई कारें और दोपहिया वाहन इसमें फंस गए। स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी असमर्थ हैं, और जिन्हें बाहर जाना पड़ा, उन्हें अपनी गाड़ियों को पानी में फंसने का जोखिम उठाना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, बारिश के कारण जलनिकासी की व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। हालांकि, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंप सेटों का इस्तेमाल किया जा रहा है और अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। कई लोगों का कहना है कि आरएसएस नगर जैसे महत्वपूर्ण इलाके में इस तरह की समस्या होना चिंताजनक है।

### जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष बनी आरती विकास अग्रवाल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम कोरबा वार्ड क्रमांक-2 साकेत नगर की पार्षद, भाजपा नेत्री एवं समाज सेविका श्रीमती आरती विकास अग्रवाल को शासकीय कन्या मिनीमाता महाविद्यालय कोरबा की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष बनायी गई हैं। कोरबा जिला प्रभारी मंत्री अरूण साव एवं कोरबा विधायक तथा प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर ने नगर पालिक निगम कोरबा वार्ड क्रमांक-2 साकेत नगर की भाजपा पार्षद श्रीमती आरती विकास अग्रवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती अग्रवाल का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से दो साल के लिए प्रभावी होगा। श्रीमती अग्रवाल को यह जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र के भाजपाईयों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। शासकीय कन्या मिनीमाता महाविद्यालय कोरबा की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष बनाए जाने के बाद श्रीमती आरती विकास अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय कन्या मिनीमाता विद्यालय की अहम भूमिका है। यहां की कमियों को दूर कर हर संसाधन मुहैय्या कराने का प्रयास किया जाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर मंगलवार 06 अगस्त 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# संपादकीय जीवन को साधने का स्वर्णिम समय चातुर्मास

## गरीबी मुक्त गांव... बनाने की आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्त्वाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले-दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तई प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा। बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही वह थी गरीबी-मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया। नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

## संस्कृति का सम्मेलन है चातुर्मास

**-डॉ सुनील जैन संचय**



श्रमण, वैदिक और बौद्ध संस्कृति में चातुर्मास की व्यवस्था है। साल के सावन, भाद्रपद,आश्विन और कार्तिक इन चार माह में चातुर्मास होता है। कैलेंडर के अनुसार ये माह वर्षा काल के माने गए हैं। इन दिनों अधिक वर्षा होने से जीवों की उत्पति अधिक होती है। ऐसे में उन जीवों की हिंसा न हो जाए, इस भाव से जैन परंपरा में साधु-संतों के लिए चातुर्मास का विधान किया गया है। जैन धर्म में चातुर्मास एक आध्यात्मिक पर्व है। यह किसी बाह्य क्रिया कांड का नाम नहीं, अपितु जीवन जीने की कला का पर्व है। हमने केवल इस पर्व को मनाना ही नहीं है अपितु इसे जीना और स्वयं को परखना भी है। जैन धर्म में चातुर्मास कोई परिपाटी या औपचारिकता नहीं अपितु यह जीवन निर्माण का एक अवसर प्रदान करता है।

चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी से प्रारंभ होता है और कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि तक माना जाता है। चातुर्मास धार्मिक जगत की धुरी है। वर्षावास या चातुर्मास का न केवल पर्यावरण व कृषि के दृष्टिकोण से वरन् धार्मिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है। वर्षा ऋतु में जीवोत्पत्ति विशेष रूप से हो जाती है। पानी के सम्पर्क में आकर भूमि में दबे बीज अंकुरित हो जाते हैं। सीलन, फ्लन, फफूंद, काई की उत्पत्ति हो जाती है। त्रस व स्थावर जीवों की अधिकता के कारण उनकी विराधना की संभावना अधिक हो जाती है। जगह-जगह जल एकत्रित हो जाने से एक गांव से दूसरे गांव या शहर तक पगडण्डी द्वारा विहार संभव नहीं हो पाता है। आगम शास्त्रों में भी स्पष्ट निर्देश हैं कि चातुर्मास के दौरान साधु-साध्वियों को विहार नहीं करना चाहिए। चातुर्मास का संयोग हमारी मन:स्थिति में भरे विभिन्न प्रदूषणों को समाप्त करने के साथ ही दुष्प्रवृत्तियों को सत्य वृत्तियों में बदलने का कार्य करता है।मन, वचन




और शरीर को शुद्ध करने का पर्व चातुर्मास है। इन चार महीनों में कई धार्मिक पर्व आते हैं जो मनुष्य को धर्म अध्यात्म के करीब लाने का कार्य करते हैं। आध्यात्मिक जागृति का पर्व चातुर्मास माना जाता है। यह जीवन को साधने का स्वर्णिम समय होता है। इन दिनों अधिक वर्षा होने से जीवों की उत्पति अधिक होती है। ऐसे में उन जीवों की हिंसा न हो जाए, इस भाव से जैन संत-साध्वी एक स्थान पर चार माह रुककर साधना करते हैं इसे ही चातुर्मास कहा जाता है। श्रावक और संत के जुड़ाव का वाहक चातुर्मास दो किनारों को जोडऩे का काम करता है। धर्म रूपी रथ को चलाने के लिए दो पहिए हैं, एक श्रावक और दूसरा संत। इन दोनों को एक-दूसरे से जोडऩे का काम करता है चातुर्मास। इस काल में दोनों ही एक-दूसरे को समझते हैं और श्रावक साधु की साधना में सहयोगी बनकर उन सब साधनों को उपलब्ध करवाता है, जो उसकी साधना में अत्यन्त आवश्यक हैं और साधु, श्रावक को पाप और कषाय से बचने का मार्ग बताकर, उसके पापों का प्रक्षालन करने के लिए प्रायश्चित देता है। श्रावक साधु की संगति में अपने वैराग्य एवं संयम साधना की वृद्धि करे उनकी साधना में सहयोगी बने । भौतिक संसाधनों से उन्हें दूर रखें,लौकिक कार्यों में न उलझाएं, पारिवारिक कृत्यों की चर्चा न करके धार्मिक चर्चा करें।शंका समाधान करके जिनवाणी का श्रद्धान बढ़ाएं। यह समय आध्यात्मिक क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छूने हेतु प्रेरित करने के लिए है। अध्यात्म जीवन विकास की वह पगडंडी है जिस पर अग्रसर होकर हम अपने आत्मस्वरूप को पहचानने की चेष्टा कर सकते हैं। पूरे चातुर्मास अर्थात 4 महीने तक एक क्षेत्र की मर्यादा में स्थायी रूप से निवासित रहते हुए जैन दर्शन के अनुसार मौन साधना, ध्यान, उपवास, स्व अवलोकन की प्रक्रिया, सामयिक और प्रतिक्रमण की विशेष साधना, धार्मिक उद्बोधन, संस्कार शिविरों से हर शख्स के मन मंदिर में जनकल्याण की भावना जाग्रत करने का सुप्रयास जारी रहता है। तीर्थंकरों और सिद्धपुरुषों की जीवनियों से अवगत कराने की प्रक्रिया इस पूरे वर्षावास के दरमियान निरंतर गतिमान रहती है तथा परिणति सुश्रावकों तथा सुश्राविकाओं के द्वारा अनगिनत उपकार कार्यों के रूप में होती है।

**चातुर्मास संस्कृति की ध्वजा को फहराता है :-** चातुर्मास धर्म और संस्कृति का एक बहुत बड़ा सम्मेलन है । चातुर्मास संस्कृति की ध्वजा को फहराता है । चातुर्मास आत्म कल्याण मात्र के लिए नहीं है , चातुर्मास उनके लिए भी किया जाता है जो तुम्हारे पैर से कुचल सकते हैं, चातुर्मास वह संस्कृति है जिसमें जीने दो की बात है । चातुर्मास में संत अपने लिए ही नहीं बैठते दूसरे के लिए भी बैठते हैं । चतुर्मास जीने दो के लिए किया जाता है । जैन परंपरा में चातुर्मास अषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी से कार्तिक बदी अमावस्या तक होता है ।

**साधु का चातुर्मास पराधीन नहीं स्वाधीन होता है :-** चातुर्मास से संस्कृति का निर्माण होता है। साधु का चातुर्मास पराधीन नहीं स्वाधीन होता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में आज चातुर्मास के दो रूप हैं। श्रावक अपना चातुर्मास मांगलिक बनाएं। यह चातुर्मास घर -घर में खुशहाली देने वाला बने , हर घर में सुख -समृद्धि हो, चेहरों पर रौनक छाई रहे।

**चातुर्मास में अपनी दैनंदिनी में परिवर्तन लाएं :-** चातुर्मास में श्रद्धालु भी अपने जीवन में परिवर्तन लाएं। भोजन की थाली में बदलाव लाएं ,बुरा देखने -सोचने में परिवर्तन आना चाहिए। घर को 4 महीने पावन बनाने की कोशिश करें । चातुर्मास काल में त्याग, वैभव, तप, व्रत और संयम का सागर लहराने लगे, ऐसा सामूहिक प्रयत्न होना चाहिए। हम साधना व आराधना के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की उपेक्षा करते हैं। हमारी जीवन-शैली अहिंसा से प्रभावित हो। हम जितना अधिक संयम का अभ्यास करेंगे, उतना ही अहिंसा का विकास होगा। भगवान महावीर ने चातुर्मास काल में जिनवाणी द्वारा जीने की कला से विश्व को अवगत कराया है। अगर उसके अनुरूप हम चलें तो निश्चित ही यशस्वी मानव बन सकते हैं। जप, तप, सत्संग आदि में समर्पित भाव से सहभागी बनने से ही चातुर्मास की विशेषता अक्षुण्ण रहेगी। चातुर्मास उस दर्पण के समान है, जिसमें झांककर हम जान सकते हैं कि हम धर्म के कितना नजदीक हैं। धर्म का कितना पालन कर रहे हैं, कितनी कलंक-कालिमा हम पर लगी हुई है। चातुर्मास व्यक्ति की उसके व्यक्तित्व से पहचाने कराने का पर्व है। चातुर्मास को संस्कार पर्व भी कह सकते हैं। चातुर्मास में साधु मानव में मानवता के संस्कार भरने का कार्य करता है। धन के वैभव से हम समृद्धि के द्वार तक पहुंच गए, किन्तु मन, वचन, काया से बहुत गरीब हो गए हैं। आधुनिक भौतिकवाद की चकाचौंध के बीच हम अपने वास्तविक आस्तत्व को भूल गए हैं, जिसने हमारे नैसर्गिक सृजन का पक्षाघात कर दिया है। धन के अनुचित संग्रह से आत्मा में मलिनता आती है। धन' समुद्र का खारा पानी' है, जितना हम उसको पीते हैं, उतनी ही प्यास बढ़ती जाती है। धन को धर्म के साथ जोड़कर हम आत्मीय रूप से धनवान बन सकते हैं।

## विशेष लेख

## भूख जैसी समस्या का भी हल नहीं

दुनियाभर के लिए भुखमरी आज एक वैश्विक समस्या बन गई है। जनसंख्या बढ़ने के साथ ही विभर में भुखमरी का आंकड़ा भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जबकि पृथ्वी पर हर एक इंसान का पेट भरने लायक पर्याप्त भोजन का उत्पादन हो रहा है, लेकिन फिर भी दुनिया के कुछ हिस्सों में भुखमरी बढ़ती जा रही है।हकीकत ये है कि आधुनिक दुनिया में आज हर 11वां इंसान अभी भी खाली पेट सोने को मजबूर है। मतलब की दुनिया में 73.3 करोड़ लोग ऐसे हैं,जिन्हें भरपेट खाना नसीब नहीं हो रहा है। यदि 2019 की तुलना में देखें तो इन लोगों की संख्या में 15.2 करोड़ का इजाफा हुआ है। अफ्रीका में हालात तो और भी कहीं ज्यादा खराब है, जहां हर पांचवां इंसान भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। ये जानकारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति पर जारी एक नई रिपोर्ट में सामने आई है। 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2024' नामक ये रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ), अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी), यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आज दुनिया की एक तिहाई आबादी ऐसी है, जो पोषण युक्त आहार खरीदने में सक्षम नहीं है। रिपोर्ट में जो आंकड़े साझा किए गए हैं वो खाद्य सुरक्षा की एक गंभीर तस्वीर पेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 233 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें नियमित तौर पर पर्याप्त भोजन हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है। इनमें 86.4 करोड़ लोग वो हैं जिन्हें गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। यानी उन्हें कुछ समय बिना खाए ही गुजारा करना पड़ा है। वास्तविकता में देखें तो पोषण के मामले में दुनिया 15 साल पीछे चली गई है और कुपोषण का स्तर 2008-2009 के स्तर पर पहुंच चुका है। हालांकि देखा जाए तो ये स्थिति तब है जब सतत विकास के लक्ष्यों के तहत 2030 तक किसी को खाली पेट न सोने देने की बात कही गई थी। मतलब की इन छह वर्षों में दुनिया को एक लंबा सफर तय करना है। रिपोर्ट में ये चेतावनी भी दी गई है कि अगर मौजूदा हालात इसी तरह से जारी रही, तो 2030 तक लगभग 58 करोड़ से ज्यादा लोग गंभीर कुपोषण का शिकार हो जाएंगे। इनमें से आधे अफ्रीका में होंगे। साफ है, दुनियाभर में तमाम प्रोग्राम और संयुक्त राष्ट्र की कोशिशों के बावजूद खाद्य असामनता और कुपोषण जैसे मुद्दे पर अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। यूं तो इंसान पांच दशक पहले ही चांद पर पहुंच गया, लेकिन इसी दुनिया में आज भी करोड़ों लोगों को चांद रोटी में नजर आता है। ताजा रिपोर्ट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया में भुखमरी की संख्या घटने की बजाए तेजी से बढ़ रही है। साफ है, भूख की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अभी दुनिया को एक लंबा रास्ता तय किया जाना बाकी है। ये कैसी विडंबना है एक ओर हमारे और आपके घर में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझ कर फेंक दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खानातक नसीब नहीं हो रहा है और वे भूख से जूझ और मर रहे है। दुनिया भर में हर साल जितना भोजन तैयार होता है उसका लगभग एक-तिहाई बर्बाद हो जाता है। बर्बाद किया जाने वाला खाना इतना होता है कि उससे दो अरब लोगों के भोजन की ज़रूरत पूरी हो सकती है। गौर करने वाली बात ये है कि दुनिया में बढ़ती संपन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही लोगों में खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। अगर इस बर्बादी को रोका जा सके तो कई लोगों का पेट भरा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ, खाद्यान्न की क्षति और बर्बादी न केवल संसाधनों के कुप्रबंधन का मुद्दा है बल्कि ये बड़े पैमाने पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी योगदान देती है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आठ प्रतिशत के लिए खाद्य अपशिष्ट भी जिम्मेदार होते हैं। वर्तमान समय में हर देश विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए देशों की सरकारें प्रयास भी करती हैं तथा विकास के संदर्भ में अपनी उपलब्धियों को गिनाती हैं। यहां तक कि विकास दर के आंकड़े से ये अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है कैसे आगे बढ़ रहा है? ऐसे में जब कोई ऐसा आंकड़ा सामने आ जाए ।

# तीन साल में योगी आदित्यनाथ कितने बदल पायेंगे हालात

**अजय कुमार**

आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान उठाना पड़ा। यूपी की वजह से केंद्र में मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बन पाई, जो बीजेपी यूपी में 80 सीटें जीतने का सपना पाले हुए थी, वह 33 सीटों पर सिमट गई। बीजेपी का ग्राफइतनी तेजी से गिरा की अब तो विपक्षी नेता खासकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव तो दिल्ली में मोदी को सबक सिखाने के पश्चात तीन साल बाद 2027 में योगी को भी धूल चटाने की बात करने लगे हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं और तब योगी की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। 2027 के चुनाव में जहां राहुल गांधी और अखिलेश यादव बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान में उतरेंगे, वहीं बीजेपी को 2024 के नतीजे कचोटते रहेंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी 2024 जैसे चुनावी नतीजे 2027 विधानसभा चुनाव में नहीं देखना चाहती है। इसीलिये बीजेपी आलाकमान के साथ-साथ सीएम योगी आत्यिनाथ उन मुद्दों की धार कुंद करने में लग गये हैं जिसके सहारे कांग्रेस-सपा गठबंधन ने बीजेपी को आईना दिखाया था। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने संविधान, दलित ओबीसी आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई को बीजेपी के खिलाफ सबसे मजबूत चुनावी हथियार बनाया था। अबकी से राहुल के मुंह से अडानी-अंबानी, नोटबंदी, राफेल विमान खरीद भ्रष्टाचार, चौकीदार चोर है, जैसे तमाम जुमले सुनने को नहीं मिले थे। राहुल गांधी के साथ-साथ अखिलेश यादव भी अपनी जनसभाओं में दो ही बातें दोहराते रहे, पहला मोदी को 400 सीटें मिली तो वह संविधान बदल देंगे, दूसरा दलितों और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। इसके अलावा राहुल की महिलाओं को 8500 रूपये प्रति माह देने की गांरटी ने भी बीजेपी का खेल बिगाड़ दिया। चुनाव बाद भी जिस तरह से राहुल गांधी संविधान की किताब लिये घूम रहे हैं उसकी काट के लिये अब मोदी सरकार ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। मोदी के मंत्री से लेकर छोटे-बड़े सभी नेता लगातार बता रहे हैं कि 1975 में किस तरह से तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी लगाकर संविधान की आत्मा को तार-तार कर दिया था। सदन में तो इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव तक पास हो गया। सबसे खास बात यह रही कि मोदी सरकार जब इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाई तो इसके खिलाफ कांग्रेस सदन में अकेले ही खड़ी नजर आई। राहुल के सबसे मजबूत साथी समझे जाने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इमरजेंसी मुद्दे पर कांग्रेस के साथ नहीं गये। बहरहाल, आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। योगी ने इसके लिये अभी से सरकार के पेंच कसना शुरू कर दिये हैं। संगठन स्तर पर भी काम चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के शुरुआती तीन-चार महीनों में सम्पन्न होना है। इस हिसाब से सरकार के पास तीन साल से भी कम का समय बचा है। यह तय माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी खराब छवि वाले विधायकों का टिकट काटने में भी आलाकमान परहेज नहीं करेगा। गौरतलब हो, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग ने जो आकड़े जारी किये हैं उसके अनुसार यूपी में 80 लोकसभा सीटें जिसके अंतर्गत 403 विधान सभाएं आती हैं,वहां अबकी से बीजेपी 162 विधान सभा क्षेत्रों में समाजवादी और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी से पिछड़ गई थी। इन 162 विधान सभा क्षेत्र के विधायकों पर भी गाज गिर सकती है। वहीं 2027 में विपक्ष एक बार फिर से बेरोजगारी को मुद्दा नहीं बना पाये इसके लिये योगी ने सभी खाली पड़े रिक्त पदों को भरने के लिये बम्पर नौकरियां निकाली हैं। अभी एक लाख नौकरियां निकाले जाने की बात कही जा रही है जिसका आंकड़ा 2027 के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने तक पांच लाख तक पहुंच सकता हे। इसी के साथ पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इसमें लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये भी एसटीएफ तेजी से काम कर रही है। बेरोगारी और पेपर लीक की घटनाओं के चलते युवा वर्ग केन्द्र और राज्य सरकारों के खिलाफ काफी आक्रोशित है। उधर, इन युवाओं को गुस्से को विपक्ष हवा-पानी देने का काम कर रहा है। ऐसी ही एक मोदी सरकार की एक और योजना अग्निवीर भी सरकार के लिये बढ़ा मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष लगातार इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। इस योजना का दुष्प्रभाव मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में देख भी चुकी है। कुल मिलाकर योगी सरकार बम्बर नौकरियां निकाल कर विपक्ष को उसकी बेरोजगारी वाली सियासत से 'बेरोजगार' करना चाहती है। बात सरकार से हटकर संगठन स्तर की कि जाये तो लोकसभा चुनाव में यूपी से मिली चोट भाजपा को बेचैन किए हुए हैं। योगी की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा के जिम्मेदार अब यूपी में पार्टी के ग्राफगिरने के कारणों की पड़ताल पर लगा है। पार्टी स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने वोट में आई गिरावट को लेकर चर्चा की। तय किया गया है कि भाजपा के पक्ष में कम मतदान की जांच होगी। दरअसल, यूपी के चुनाव परिणाम से भाजपा के स्थानीय से लेकर शीर्ष नेतृत्व में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार करीब नौ फीसदी कम वोट मिले हैं। अब इन्हीं वोट का पता लगाने को लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है कि आखिर यह वोट भाजपा से छिटक कर कहां गया। इसका पता करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। फोर्स के सदस्य गांव-गांव जाकर यह पता लगाएंगे कि भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले ओबीसी और दलितों में सेंध किस दल ने लगाया है।यह भी पता लगाया जाएगा कि गैर यादव ओबीसी और गैर जाटव दलितों को भाजपा से बिदकाने में किन-किन लोगों का हाथ है।

# नव तस्करी के खिलाफ लड़ाई.....

**राजेश मणि**

नव तस्करी के खिलाफ हमारी लड़ाई में, हमें लगातार नवाचार के माध्यम से जुड़ने और एकजुट होने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी के हमारे उपयोग का अनुकूलन भी शामिल है। तस्कर दूसरों का शोषण करने के लिए इंटरनेट की लगातार बदलती प्रकृति का लाभ उठाते हैं; यह जरूरी है कि हम भी इस प्रवृत्ति का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाएं। डिजिटल तकनीक ने हमें तस्करी को रोकने, पीड़ितों की रक्षा करने, बुरे लोगों पर मुकदमा चलाने और इस अपराध से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी बनाने के नए तरीके दिए हैं। डिजिटल तकनीक और मानव तस्करी के बीच एक तरह का संबंध तब हो सकता है जब तस्कर पीड़ितों का शोषण करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया क्योंकि कई लोगों ने कोविड-19 महामारी के चरम पर अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया। कई देशों की रिपोटरे ने ऑनलाइन वाणिज्यिक यौन शोषण और यौन तस्करी में भारी वृद्धि को प्रदर्शित किया, जिसमें बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण, और बाल यौन शोषण सामग्री की मांग और वितरण शामिल है। तस्करों ने पीड़ितों को तैयार करने, धोखा देने, नियंत्रित करने और उनका शोषण करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके व्यक्तियों का शोषण करने की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है।इनमें से कुछ योजनाएं लोगों को सैकड़ों मील दूर, सीमाओं के पार भी लुभाती हैं, जबकि अन्य के लिए उन्हें अपने घरों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती है। मानव तस्करी के पीड़ितों और बचे लोगों ने तेजी से साझा किया है कि वे पहली बार अपने तस्करों से ऑनलाइन जुड़े थे, जबकि तस्कर डिजिटल तकनीकों के अपने उपयोग को परिष्कृत और उन्नत करना जारी रखते हैं, सरकारों और अन्य तस्करी विरोधी हितधारकों को मानव तस्करी से निपटने के लिए ऐसा ही करना चाहिए।तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं (मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म-या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल-का उपयोग कर सकते हैं। एक बार जब संभावित पीड़ितों की पहचान हो जाती है और संपर्क स्थापित हो जाता है, तो इंटरनेट के माध्यम से संचार शिक्षा, रोजगार, आवास या रोमांटिक संबंधों के झूठे वादों के साथ व्यक्तियों को धोखा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, केवल उन्हें श्रम और यौन तस्करी की स्थितियों में लुभाने के लिए। उदाहरण के लिए, एक तस्कर एक ऑनलाइन व्यावसायिक वेबसाइट बना सकता है, जिस पर वे अक्सर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए यथार्थवादी तस्वीरें शामिल करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि अवसर प्रामाणिक है और उनके करियर को आगे बढ़ाने या उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इंटरनेट शोषणकारी योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम कर सकता है, जिसमें सेक्सटॉर्शन के माध्यम से भी शामिल है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सेक्सटॉर्शन को एक गंभीर अपराध के रूप में परिभाषित करता है जो तब होता है जब अपराधी पीड़ित द्वारा यौन प्रकृति की तस्वीरें, यौन एहसान या पैसे न दिए जाने पर निजी और संवेदनशील सामग्री वितरित करने की धमकी देता है। इसके अतिरिक्त, तस्कर जबरन अपराध को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जो एक तेजी से आम तंत्र है जिसमें तस्कर अपने पीड़ितों को ऑनलाइन घोटाले के संचालन से लेकर व्यावसायिक सेक्स तक के कामों में शामिल होने या उनका समर्थन करने के लिए मजबूर करते हैं। तस्कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन नौकरी लिस्टिंग के माध्यम से पीड़ितों को भर्ती करते हैं, उन्हें परिसरों में बंद कर देते हैं और गंभीर नुकसान की धमकी देकर उन्हें ऑनलाइन आपराधिक गतिविधि में शामिल होने के लिए मजबूर करते हैं। ऑनलाइन घोटाले के संचालन में अवैध ऑनलाइन जुआ, क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजनाएं और रोमांस घोटाले शामिल हैं, जिनमें से सभी में तस्करी का शिकार व्यक्तियों के साथ संबंध बनाता है ताकि उन्हें महत्त्वपूर्ण रकम का धोखा दिया जा सके। संक्षेप में, तस्कर अपने तस्करी कायरे की पहुंच, पैमाने और गति को बढ़ाने के लिए इंटरनेट जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। हालांकि तकनीकी विकास के साथ तरीके और साधन विकसित हो सकते हैं, लेकिन तस्करी के मूल में शोषण अभी भी जारी है, जो इस अपराध की जांच और उससे निपटने के लिए व्यापक और अभिनव दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। हम सभी को विशेषकर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है या मॉनिटिरंग करने की आवश्यकता है। तस्कर आए दिन अपने तरीके बदलते रहते हैं। अपने देश में इस मुद्दे को यानी मानव तस्करी को गृह मंत्रालय मॉनिटर करता है और इस संगठित अपराध को कम करने के लिए संकल्पित भी है। गृह मंत्रालय ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने का गठन करने के लिए सभी प्रदेशों को आदेश भी दिया है। आदेश के बाद लगभग राज्यों में इसका गठन हो भी चुका है। साथ ही प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के प्रिशिक्षण के लिए भी गृह मंत्रालय कार्य कर रहा है।

## आचार्य विशुद्ध सागरजी गुरुदेव पुरे विश्व में माँ जिनवाणी का रसपान करा रहे है : श्रमण मुनी




**नांदणी( विश्व परिवार )।** नांदणी में चातुर्मासिक धर्मसभा में श्रमण संस्कृती के महनीय संतो में अग्रणी देश के सर्वश्रेष्ठ आगम अनुकूल चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज जी के परम शिष्य श्रमण मुनी श्री सहर्ष सागर जी महाराज जी ने कहा की ङ्क नांदणी समाज का अहो सौभाग्य मानो की आपके नगर में ऐसे महान संत आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास हो रहा है । गुरूओं का सानिध्य मिल रहा है । गुरूओं का सानिध्य हर मनुष्य को जिने की कला सिखाते है । हर मनुष्य को प्राण छोडने की कला सिखाते है । चलना सिखाते है । बैठना सिखाते है ।

ऐसे महान संत है जो सत्य के सत्यार्थ का बोध करा रहे है । सत्य के सत्यार्थ का मार्ग दिखा रहे है । और वस्तु के वस्तुत्व का बोध करा रहे है । ये सिर्फ नांदणी समाज को ही नहीं करा रहे है, पुरे विश्व को करा रहे है ।अगर इस भुतल पर इस धरा पर जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पुरे विश्व में माँ जिनवाणी का रसपान करा रहे हैं तो वे संत है । विचार करो अपने जीवन में, अपने देह को कहा छोडना हैं । जिस घर में जन्म लिया था उसी घर में छोडना है क्या? पर प्रकृती का नियम ही हुआ करता है की इस धरा पर व्यक्ती को जन्म रोते रोते ही हुआ करता है । ये सत्य बात है । जैसे भगवान महावीर, श्रीराम, श्रीकृष्ण, आचार्य कुंदकुंद स्वामी और आचार्य भगवन विराग सागर जी महामुनीराज जिन्होने जन्म जिया तो हसते हसते जिया। और इस देह से प्राण को छोडा तो वो भी हसते हसते ही छोडा । इसलिए हम उनका जन्म जयंती मनाते है । व्यक्ती चल रहा है लेकिन उसे पता नही मुझे जाना कहा है । क्या पाना है और क्या खोना है ।मनुष्य जीवन में निरउद्देश जीवन जी रहा है ।

ज्ञानी जीव का जन्म जहाँ होता है, वो वहा अपने देह को उसी जगह नहीं छोडता । ज्ञानी जीव अपने देह से प्राण को छोडता है तो समाधी के स्तर पर ही छोडता है । वही ज्ञानी हुआ करता है । करो विचार अपने जीवन पर, मुझे कैसा जीवन जिना है और क्या करना है और क्या नही करना है । काम करो ऐसा की पेहचान बन जाए । हर कदम चलो ऐसा की निशान बन जाए । जिंदगी तो सब काट लेते हैं । जिंदगी जिओ ऐसी की मिसाल बन जाए ।

## समाज व देश निर्माण एवं धर्म मे नारी की भूमिका विषय पर तिजारा में नारी सम्मेलन हुआ

### बेटियां लव जिहाद व लिव इन रिलेशनशिप के षडुयंत्र से बचे : आर्यिका वर्धस्व नंदनी



**तिजारा।** अतिशय क्षेत्र देहरा जैन मंदिर तिजारा में चातुर्मास रत आर्यिका वर्धस्वनंदनी माता जी के ससंघ सानिध्य में रविवार को समाज व देश निर्माण एवं धर्म मे नारी की भूमिका विषय पर नारी सम्मेलन आयोजित कर नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

मन्दिर समिति व धर्म जागृति संस्थान के राष्टीय प्रचार मंत्री संजय जैन बडजात्या के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रप्रभु भगवान के चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अतिथि गण मनीषा जैन (अलवर), अनिता, रीना, पूनम जैन रही । कार्यक्रम में श्रद्धालु महिलाओं ने आर्यिकाओ के पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेट किया । सम्मेलन मे नारी सशक्तिकरण, नारी को परिवार, समाज व देश निर्माण मे भूमिका एवं नारी का धर्म में महत्व एवं सामाज मे फैली बुराईयों को दूर करने सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में

भारतीय संस्कृति के तहत सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता एवं डांडिया कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर आर्यिका वर्धस्वनंदनी ने अपने प्रवचन में नारी को राष्ट्र निर्माता बताया। नारी शिक्षा व भविष्य को जन्म देती है। उन्होंने कहा यदि माताएँ चाहती हैं कि उनकी बेटियों का दांपत्य जीवन सुखमय रहें तो वे उनके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करें, उनके दैनिक जीवन की बातें को सांझा न करें। साथ ही नारी सम्मेलन में उपस्थित बेटियों को लव जिहाद व लिव इन रिलेशनशिप जैसे षड् ?यंत्र के प्रति सावधान रहना चाहिए।

उन्होंने युवतियों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने भविष्य का निर्णय स्वयं लें किन्तु विवाह सम्बन्धी निर्णय अपने माता-पिता पर छोड़ दें।

कार्यक्रम में स्थानीय कस्बा सहित आसपास क्षेत्र की महिला बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन,अनिल कुमार जैन, निर्मल जैन सहित अन्य पदाधिकारीयों ने कार्यक्रम में बाहर से आए श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## सामुदायिक भवन इनोवेटिव पद्धति से रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट बनवाये

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा के निर्देषानुसार नगर निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग द्वारा जोन क्षेत्र में सरोना स्कूल, सरोना प्रवेष द्वार, सामुदायिक भवन आदि स्थानों पर 8 स्थानों पर इनोवेटिव पद्धति से रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट तैयार किये है। जियो हाईड्रोलॉजिस्ट के निर्देषन में नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनो में इनोवेटिव पद्धति से रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट अधिक से अधिक संख्या में एनजीओ छत्तीसगढ क्रेडाई बिल्डरों को सहभागी बनाकर तैयार करवाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। नगर निगम ने 5000 स्थानों पर इनोवेटिव पद्धति से रैन वाटर हार्वेस्टिंग पीट शीघ्र तैयार करने का लक्ष्य नगर हित में निर्धारित किया है।

## आत्मा सुख उसी जीव को मिलता है जो उसके लिए प्रयत्नशील रहता है : मुनिश्री नियम सागर जी महाराज



**विदीशा ।** आत्मा का सुख उसी को मिलता है,जो प्रयत्नशील रहते है, जिसको प्यास लगी है वह कुये के पास जाता है कुआ प्यासे के पास नहीं जाता उपरोक्त उदगार मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ने शीतलधाम में व्यक्त किये मुनि श्री ने कहा कि आप सभी लोग भव्य है,जो संसार सुख को गौण मानकर भीतर के सुख पाने को तरस रहा है वह अभव्य कैसे? वह तो भव्य ही है जो सम्यक् दर्शन सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र रुपी आत्म गुणों को प्राप्त करा कर परमार्थ के सुख को दिला देगा। उन्होंने पंचपरमेष्ठी की व्याख्या करते हुये कहा कि अरिहंत और सिद्धपरमेष्टी पद बाहर से नहीं सोपे जाते आचार्य उपाध्याय और निर्यापक श्रमण बाहर के पद है जो परम बीतरागी होते है वह बाहर के पदों से दूर रहते है निर्यापक साधू पाने के साथ साथ साधुओं के गुणों को सम्हालने के लिये प्रायश्चित भी देते है।आचार्य परमेष्टि भगवान की बाणी को जनजन तक पहुंचाने का कार्य करते है।

योग्यता तो भीतर से ही आती है,बाहर से तो पद दिया जाता है यदि भीतर से व्यक्ती योग्य नहीं है,तो उसे पद नहीं दिया जाना चाहिये उन्होंने कहा कि जो लोग मंदिरों में अथवा सामाजिक पदों को पाने के लिये झगड़ा करते है उनको तो पद नहीं दिया जाना चाहिये यह तो विशुद्ध राजनीति है,यदि अनुचित को ही उचित मानकर पद पर चढ़ा दिया जाता है तो वह अनर्थ ही अनर्थ करते है।

## श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा की कार्यकारिणी की मीटिंग संपन्न



**नागपुर ( विश्व परिवार )।** श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के महामंत्री देवेंद्र छाबड़ा ने बताया की संस्था की कार्यकारिणी की मीटिंग श्री खंडेलवाल भवन फूलओली मे रविवार 4 अगस्त को संपन्न हुई।

प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा की महिला प्रकोष्ठ की मीटिंग प्रांतीय अध्यक्षा श्रीमती शशि कासलीवाल एवं प्रांतीय महामंत्री श्रीमती रेखा बडजात्या जी के सानिध्य मे आयोजित हुई जिसमे खंडेलवाल समाज की महिलाओं का समाज के हित मे योगदान व महिला समाज कैसे सुदृड हो एवं समाज मे व्यापत समस्याओं के विषय मे गंभीर चर्चा व भावी गतिविधियों को संचालित करने पर विचार विमर्श हुआ।

उसके पश्चात पूर्व निर्धारित समय 2 बजे से श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा का आयोजन हुआ, सर्वप्रथम स्थानीय नागपुर पंचायत की महिला सदस्यों ने मंगलाचरण कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया, उसके पश्चात जोन 8 रायपुर के संयोजक अरविन्द पहाडिया ने जैन धर्म के प्रात: स्मरणीय संत शिरोमणि आचार्य द्वय 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज एवं गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी महाराज के समाधीस्थ होने पर संस्था की ओर से विनायजलि दी, उसके बाद समाज के वे सदस्य जिनका हमारे परिवार से विछोव हो गया उन दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, संस्था के पूर्व एवं वर्तमान सभापति , महामंत्री, कोषाध्यक्ष, सह सभापति, उप सभापति, स्थानीय पंचायत के अध्यक्ष, महामंत्री, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा, महामंत्री को मंचस्थ कर स्वागत एवं विभिन्न जोन के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के अंतिम संस्कार के समय अग्नि संस्कार के पुण्यार्जक परिवार नागपुर निवासी श्री राकेश जी पाटनी एवं पूरे पाटनी परिवार के पुण्य की अनुमोदना एवं स्वागत अभिनन्दन किया गया, समाज के 108 सदस्यों को शानदार सम्मानजनक व सारी सुविधाओं के साथ तमिलनाडु के मंदिरों की यात्रा करवाने वाले पप्पू छाबड़ा एवं उनके पुण्यशाली साथियों का संस्था ने जोरदार स्वागत किया एवं भविष्य मे भी ऐसी ही यात्रा निकालने शुभकामनायें दी,तत्पश्चात महामंत्री श्री देवेंद्र छाबड़ा द्वारा एजेंडा के अनुसार मीटिंग के सर्वप्रथम एजेंडा भवन पर विचार हेतु सदन की राय मांगी जिसमे बड़ु संख्या मे उपस्थित वरिष्ठ व बुद्धजीवी सदस्यों ने अपने विचार रखे सबके विचारों का एक ही निष्कर्ष निकला कि एक स्थानीय वरिष्ठ सदस्यों की एक कमेटी बना कर उस पर विशेष मीटिंग मे गंभीर मंथन कर संस्था के लाभ का ध्यान रखकर सर्वोत्तम निर्णय लेकर आगे की गतिविधियों का निर्धारण हो, संस्था के व्यय एवं आगामी सत्र के बजट को कोषाध्यक्ष मनोज सेठी ने प्रस्तुत किया जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया, समाज मे व्याप्त गंभीर समस्या विवाह योग्य युवक युवतियों के विवाह सम्बंधित, तलाक सम्बंधित, एवं समाज मे व्याप्त कुरीतियों व बुराइयों के विषय मे गंभीर चर्चा हुई व समाज के सभी सदस्यों के पारिवारिक सहयोग से ये कार्य को हम सुलभता दें सकते है ऐसी चर्चा हुई, समाज के (भविष्य)मेघावी बच्चों के सम्मान व बच्चों के शिक्षा व छात्रवृति के विषय मे एक अच्छी व सुलभ योजना बनाकर आर्थिक रूप से कमजोर व होशियार बच्चों को सहायता देने के विषय मे चर्चा हुई।

संस्था को आर्थिक रूप से मजबूत करने के विषय मे कई योजनाओं के विषय मे सार्थक चर्चा हुई, समाज के सदस्यों को अल्पसंख्यक होने का शासकीय लाभ जितना जिस क्षेत्र मे मिल सकता है राजनीती क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले हमारे संस्था के सदस्यों को सहयोग करना चाहिए ?सा उनसे निवेदन किया गया, संस्था के सभापति श्री मनोज पहा?या ने अपने वक्तव्य मे कहा कि हम देव शास्त्र गुरु व समाज के लिए जितना अपना समय, धन व सहयोग करें हमारा मानव जीवन उतना ही सफल कहलायेगा, मै अपने जीवन के 24 घंटे 365 दिन आपकी सेवा के लिए तत्पर हूं आप केवल मुझे सहयोग दें आप और हम सब समाज की भरपूर सेवा करेंगे, सभा को हमारे संस्था के प्रमुख महावीरजी रांवका , रजनीश ठोलिया, प्रणय अजमेरा, पंकज बोहरा, श्रीमती शशि कासलीवाल नागपुर श्री राजकुमार जी गंगवाल रायपुर श्री महावीर जी गंगवाल, श्री मनीष ब?जात्या दुर्ग एवं अन्य वरिष्ठजनों ने सम्बोधित किया अंत मे महामंत्री ने ब?ी संख्या मे आये हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं शाम के वात्सल्य मय भोजन के लिए आमंत्रित किया।

## पूज्य मुनिश्री क्षमानंदी जी महाराज की संलेखना पूर्वक समाधि गुरु चरणों में



**डिग्गी( विश्व परिवार )।** परम पूज्य मुनि श्री 108क्षमानंदी जी महाराज की समाधि सलेखना पूर्वक आचार्य श्री 108 इंद्रनंदी जी महाराजके चरणों में हुई। उन्होंने काफी दिनों से समस्त प्रकार की आहार का त्याग भी कर दिया था।

निश्चित रूप से उन्होंने उत्कृष्टता प्राप्त किया है एक साधु एवं साधक का लक्ष्य होता है कि संलेखना पूर्वक समाधि हो। उनकी डोला यात्रा सोमवार प्रात 8ः00 बजे निकाली जाएगी एवम उनकी समस्त क्रियाएं अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में संपन्न होगी।

मुनि श्री का जीवन परिचय

पूज्य मुनि श्री का गृहस्थ अवस्था का नाम गम्भीरमल जैन मित्तल था। यह माता अहजन देवी, एवम पिता मोतीलाल जैन मित्तल के राज दुलारे थे। इनका जन्म आसोज सुदी 6को संवत 2000 में हुआ था। आप ने कक्षा 8 तक शिक्षा अध्ययन किया एवं किराने का व्यापार किया।

इन्होने संसार से विरक्ति का भाव लिए जेठ सुदी 3 गुरुवार सन 2003 को ग्रह का त्याग कर दिया। आपने आचार्य श्री 108 श्रुतनदीजी महाराज से 18 नवंबर 2004 को क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की। वह मुक्ति के पद की ओर बढ़ते चले गए और समय आ गया जब उनकी मुनि दीक्षा हुई इनकी मुनि दीक्षा लावा राजस्थान में आसोज सुदी 6 गुरुवार संवत 2062 सन 2005 में हुई और नामकरण हुआ मुनिश्री108 क्षमानंदी महाराज कई वर्षों से यह आचार्य श्री 108 इंद्रनदी जी महाराज के साथ धर्म साधना रत रहे। और जीवन के अंत समय में उनकी समाधि उन्ही के चरणों में हुई। आपको बता दें कि इनका विवाह भी डिग्गी में ही हुआ था। इनके गृहस्थ अवस्था के पुत्र पुत्रवधु बिटिया सभी धर्म में संलग्न है। एवम उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती मालती देवी धर्म परायण थी।

## आचार्य अतिवीर मुनिराज का ऐतिहासिक चातुर्मास कलश स्थापना संपन्न



**नई दिल्ली विश्व परिवार।** छाणी परंपरा के पंचम पट्टाचार्य श्री 108 विद्याभूषण सन्मति सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज के मंगल चातुर्मास हेतु भव्य कलश स्थापना समारोह का ऐतिहासिक आयोजन दिनांक 4 अगस्त 2024 को व्यापक धर्मप्रभावना के साथ श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर, अशोक विहार फेज़-1 के समीप महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में सानंद संपन्न हुआ7 समाज के सौभाग्यशाली महानुभावों द्वारा ध्वजारोहण, मंगलाचरण, चित्र अनावरण, जिनवाणी विराजमान, दीप प्रज्जवलन, शास्त्र भेंट व पाद-प्रक्षालन आदि समस्त मांगलिक क्रियाएं डॉ. श्रेयांस कुमार जैन (बड़ौत) व पं. नरेश कुमार जैन कांसल (हस्तिनापुर) के निर्देशन में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मध्य समाज की महिलाओं व बालिकाओं ने अनेकों प्रेरक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से खूब सराहा7 गुरुभक्तों द्वारा आचार्य श्री की अष्ट-द्रव्य के सुसज्जित थाल द्वारा विशेष पूजन किया गया7 चातुर्मास मुख्य कलश स्थापित करने का परम सौभाग्य श्री प्रमोद जैन सपरिवार महावीरा, श्री सुभाष जैन सपरिवार तथा श्री प्रभुदयाल जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ। अन्य सौभाग्यशाली महानुभावों ने विशेष चातुर्मास कलश स्थापित कर पुण्यार्जन किया। इस अवसर पर आचार्य श्री द्वारा पिच्छिका परिवर्तन भी किया गया। जैन समाज के इतिहास में संभवत: यह प्रथम अवसर था जब श्वेताम्बर संत ने दिगम्बर मुनिराज के कर-कमलों में संयम का उपकरण भेंट किया। मंच पर विराजमान श्रमण संघीय उपाध्याय रत्न श्री रविन्द्र मुनि जी म.सा. ने नजफगढ़ जैन समाज से नवीन पिच्छी प्राप्त कर विनयपूर्वक पूज्य आचार्य श्री के कर-कमलों में भेंट की।

## चातुर्मास में विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम संपन्न

**नवापारा( विश्व परिवार )।** नगर में दिगंबर जैन समाज में आर्यिका रत्न 105 स्वाध्याय श्री एवम् चर्याश्री माता जी का चातुर्मास हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा हैं। आज रविवार के दिन आर्यिका रत्नों के द्वारा अनेक मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। प्रात: सदर रोड स्थित 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय में अभिषेक उपरांत माता जी के मुखारबिंद से शांतिधारा संपन्न हुई। प्रतिदिन प्रात: चल रहे कार्यक्रम में आचार्य विभव सागर एवम् विमद सागर जी महाराज जी की पूजन संपन्न कर आर्यिका स्वाध्याय श्री के द्वारा धर्म की गंगा प्रवाहित की गई।

निर्विघ्न दोनों माताजी की आहारचार्य संपन्न कराई गई। तप की साधना देखने को मिलती है, जब आर्यिका रत्न स्वाध्याय श्री माताजी के द्वारा एक दिन आहार और एक दिन उपवास कर अपने संपूर्ण जीवन को धर्म में करते देखने को मिलता है। आर्यिका रत्न चर्या श्री माताजी के द्वारा दोपहर 03ः00 बजे प्रवचन में आगम वाणी में इंद्रियों के राग में फंसे जीवो में भेद बताए, पर यह नश्वर शरीर किसी का नहीं है। फिर भी जीव इंद्रियों के राग में फंसा रहता है, जबकि जीव अपने पुण्य और पाप के फल को स्वयं ही भोक्ता है। पुण्य और पाप से मुक्ति के लिए एक मात्र शरण धर्म ही है। तत्पश्चात आर्यिका रत्न स्वाध्याय श्री माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में बताया कि त्रिलोकी नाथ के केवल ज्ञान में दर्पण की तरह सब कुछ झलकता है। प्रत्येक जीव कषायो के कारण अपने भावों से विमुख हो जाता है और अपने परिणामों को बिगाड़ लेता है। व्यक्ति गरीबी में दु:ख सहन नहीं कर पाता और अमीरी में फुला नहीं समाता । भरत चक्रवर्ती इतनी संपदा और वैभव होते हुए भी, 6 खंड का राज्य जीतने के बाद भी अपने सगे भाई बाहुबली से तीन युद्ध कर लिए, परंतु बाहुबली युद्ध जीतने के बाद भी सारा राज्य वैभव छोड़ तप में लीन होकर अपना कल्याण कर लिए, क्योंकि यदि जन्म और मरण में सुख होता तो तीर्थंकर, चक्रवर्ती और अन्य महापुरुष अपना कल्याण कर मोक्ष प्राप्त करते ही नहीं, वह तो इस संसार में ही फंसे रहते। जीवन जीने का सच्चा सार मोक्ष की प्राप्ति ही है।

शाम 6:30 बजे प्रतिदिन के अनुसार आज भी ज्ञान-यात्रा दोनों माताजी के द्वारा संपन्न कराई गई। सभी कार्यक्रमों में समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने जीवन का कल्याण किया।





## संतों का आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए चाहिए संकल्प पत्र : भावलिंगी संत

**दिल्ली( विश्व परिवार )।** एक व्यक्ति किसी संत के पास पहुंचा और निवेदन- किया भगवन ऐसा आशीर्वाद दूंगा दीजिये जिससे मेरा जीवन कृतार्थ हो सके। संत ने कहा मैं तुझे आशीर्वाद अवश्य दूंगा लेकिन पहले मेरे आशीर्वाद को ग्रहण करने के लिए पात्र लेकर आ व्यक्ति बोला संत जी मैं कुछ समझा नहीं, आखिर वो कौन सा पात्र होता है जिसमें आपका आशीर्वाद ग्रहण किया जाता है। संग जी ने कहा मेरे आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए संकल्प पत्र चाहिये। हमारे पास यदि संकल्प पत्र न हो तो गुरु का आशीष हमारे पास आकर भी हमारे पास ठहर नही सकता उक्त उदगार कृष्णा नगर जैन मंदिर के चातुर्मासिक प्रवास क्र रहे जीनागम पंच प्रवर्तक ,आदर्श महाकवि भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज ने धर्मसभा को



संबोधित करते हुये व्यक्त किये। आचार्य श्री ने कहा- एक संकल्प ही काफी है जीवन भी बदलने के लिए । जीवन में जब तक संकल्प नहीं आता तब तक विकल्प दूर नहीं होते। जीवन निर्माण कमी और आत्म निर्माण कभी आधारशिला है। संकल्प अगर संकल्प उन्मार्ग का है तो आगे की सारी यात्रा, आगे रखा जाने वाला हर कदम हमारा उन्मार्ग होगा और यदि संकल्प सन्मार्ग का है तो हमारी आगे की सारी यात्रा हमारा हर सन्मार्ग पर होगा। जीवन में संकल्प महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती है। तीन प्रकार के संकल्पों ये ही संसार का जीवन चक्र अनादि से घूमता रहा है-

### जीवन निर्माण की आधार शिला, संकल्प- आचार्य श्री विमर्शसागर जी

शुभ संकल्प ङ्क पुण् वर्धक भगवान जिनेन्द्र की पूजा, भक्ति आराधना रूप संकल्प, संसार शरीर, भोगों से विरक्ति रूप संकल्प, मोक्ष मार्ग भी साधना रूप संकल्प, आदि सभी शुभ संकल्प है। अशुभ संकल्प संसार वर्धक सभी प्रकार के पाप रूप संकल्प अशुभ है। शुद्ध संकल्ऋसंकल्प शुद्ध संकल्प है। आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज के मंगल उपपेश से पूर्व- धर्मसभा के पुण्यार्थी श्रावक श्री सौरभ जैन सपरिवार एवं नितिन जैन सपरिवार को दीप प्रज्ज्वला ,गुरुवाद प्रक्षालन,शास्त्र भेंट एवं गुरुपूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ साथ ही आचार्य सौरभ सागर चातुर्मास समिति में पधारकर गुरु आशीष प्राप्त किया प्रतिदिन 7:45 पर मंगल प्रवचन शाम 6:30 पर टू डेज सोलुसम कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।

# पाट जात्रा पूजा विधान के साथ शुरू हुआ विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व

**जनप्रतिनिधियों सहित मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी-गायता और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में जनसमुदाय हुए शामिल**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** हरियाली अमावस्या के मौके पर बस्तर की आराध्य देवी माँ दन्तेश्वरी मन्दिर के सामने रविवार को पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। बस्तर दशहरा पर्व के इस प्रथम पूजा विधान में बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति केअध्यक्ष महेश कश्यप, महापौर श्रीमती सफीरा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर दशहरा पर्व समिति के पारंपरिक सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी-गायता तथा जिला कलेक्टर विजय दयाराम के. जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में जनसमुदाय शामिल हुए। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के पहले पूजा विधान पाट जात्रा में रथ निर्माण के लिए बनाये जाने वाले औजार ठुरलू खोटला तथा अन्य औजारों का परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना कर रस्म पूरी की गयी। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। दशहरा इस वर्ष करीब 75 दिवस की अवधि तक पूरे आस्था, श्रद्धा और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बस्तर दशहरा पर्व के प्रमुख पूजा विधानों को निर्धारित तिथि अनुसार सम्पन्न की जाती है। जिसके तहत आगामी 16 सितम्बर को डेरी गड़ाई रस्म, 02 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान, 03 अक्टूबर को कलश स्थापना एवं 04 अक्टूबर को जोगी बिठाई रस्म पूरी की जाएगी। इसके बाद 10 अक्टूबर को बेल पूजा, 11 अक्टूबर को निशा जात्रा एवं महालक्ष्मी पूजा विधान, 12 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई और मावली परघाव पूजा विधान होगी। दशहरा पर्व के दौरान 13 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 14 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान, 15 अक्टूबर को काछन जात्रा और मुरिया दरबार तथा 16 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान पूरी की जायेगी। 19 अक्टूबर को माई दन्तेश्वरी की विदाई के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तिल्दा के प्रतिष्ठित व्यापारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**रायपुर।** तिल्दा के प्रतिष्ठित व्यापारी मनीष ट्रेडर्स के राहुल खूबचंदानी पिता प्रकाश खूबचंदानी के विरुद्ध रायपुर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री डी एन भगत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है । विदित हो कि राहुल खूबचंदानी की पत्नी द्वारा रायपुर न्यायालय में भरण पोषण की राशि के लिए प्रकरण पेश किया गया था जिसमे न्यायालय के आदेश के बावजूद राहुल खूबचंदानी द्वारा विगत एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही की गई है और लगातार प्रकरण में अनुपस्थित रहते हैं न्यायालय द्वारा राहुल खूबचंदानी द्वारा एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही करने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

### भखारा पुलिस ने दो सटोरियों को सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया

**धमतरी(विश्व परिवार)।** आरोपीगणों से दो नग सट्टा पट्टी, दो नग मोबाईल, दो नग नीला डाट पेन एवं नगदी रकम 2680/- रूपये कुल जुमला 18,680/- रूपये किया गया जब्त। धमतरी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर की जा रही है लगातार कार्यवाही। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार शराब, जुआ, सट्टा की कार्यवाही में हमराह स्टॉफ के रवाना हुआ था। ग्राम कुर्रा शराब भट्टी के पास मुखबिर से सूचना मिला कि संजय कुमार उर्फसंजू देवांगन पिता कन्हैया लाल देवांगन एवं हेमन्त कुमार निषाद पिता अशोक कुमार निषाद, ग्राम कुर्रा द्वारा खोटला खेल मैदान के पास अवैध रूप से लोगों का हारजीत का बाजी लगवाकर सट्टा पट्टी नामक जुआ खेलवा रहा है की सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही कर दोनों के कब्जे से दो लाइनिंग दार कागज में सट्टा पट्टी, दो नग विवों कंपनी का मोबाईल, दो नग नीला डाट पेन एवं नगदी रकम 2680/- रूपये कुल जुमला 18,680/- रूपये जब्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 (क) छ0ग0 जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर माननीय न्यायालय कुरूद पेश किया गया है।

### बीस सालों से पड़ी कच्ची नाली को पक्का बनाने महापौर से की मांग

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** राजेंद्र नगर वार्ड 21 में वर्षो से कच्ची नाली को पक्का करने के लिए मांग किया गया। लक्ष्मण झा ने बताया कि 20 वर्षों से वार्डवासियों द्वारा निरंतर मांग किया जा रहा था लेकिन आज पर्यंत्र तक नाली का निर्माण नहीं हो सका। जिससे कच्ची नाली से पानी जमा हो रहा है। मच्छर और गंदगी से सभी परेशान है। निगम के द्वारा जन समस्या निवारण पखवाड़ा में वार्डवासी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में महापौर सफ़ीरा साहू से मिले। महापौर ने त्वरित विभाग को निर्माण का आदेश दिया। साथ ही वार्डवासियों को आश्वाशन दिया की जल्दी नाली का निर्माण कराया जाएगा। सभी वार्डवासी ने पाइपलाइन के विस्तार के लिए भी आवेदन दिया।

### जल भराव से वार्डवासियों में दहशत का वातावरण

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** नगर पालिका दल्ली राजहरा एवं चिखलाकसा क्षेत्र में बारिश के चलते पानी भराव से वार्ड वासियों में दहशत का वातावरण हो गया है। सफाई व्यवस्था को लेकर आज सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय दल्ली राजहरा में भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें दल्ली राजहरा एवं चिखलाकसा के वार्ड नं. 11 मथुरा नगर एवं वार्ड नं.13 के मध्य में बारहमासी नाला है। नाला में दल्ली राजहरा नगर पालिका क्षेत्र से नाला से पहाड़ी क्षेत्र एवं माईन्स से बारिश का पूरा पानी बहकर इस नाले के माध्यम से दल्ली राजहरा नगर क्षेत्र से होते हुये चिखलाकसा नगर पंचायत क्षेत्र में पहुंचता है। यह नाला नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा का मुख्य निकासी नाला है। नाला पहले लगभग 22 से 25 फीट चौड़ा था जिससे बारिश के पानी का बहाव बिना अवरोध के आसानी से हो जाता था। जिससे भारी बारिश में बाढ़ जैसी समस्या नहीं होती थी तथा पानी किसी के घरों में नहीं घुसता था। परन्तु 02-03 वर्षो से नाले में मलबा, मुरूम डाल-डालकर अवैध कब्जा किया गया है एवं अनावश्यक झाड़ियों के कारण 22 से 25 फीट चौड़े नाले की चौड़ाई सकरा होकर लगभग 08 फीट की हो गई है। इस कारण बारिश का पानी रोड में और वार्ड नं.11 के वार्डवासीयों के घरों में घुस जा रहा है। इसी तरह दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 23 में भी लोगों के घर में पानी भर गया है जिससे वार्ड वासीयों के मकानों में पानी भरने से मकानों का नींव कमजोर हो रहा है. कच्चे मकानों के गिरने की सम्भावना बढ़ गई है। जिससे जान-माल को हानि हो सकती है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा एवं सड़क सुरक्षा की बैठक हुई संपन्न

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सुपोषण को दे प्राथमिकता- सांसद**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा ''की बैठक कलेक्ट्रेट सभागृह में सांसद श्री महेश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास मूलक योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी गण इन योजनाओं में तेजी से प्रगति लाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय एवं बेहतर तालमेल एवं सहयोग के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का संचालन जिले में समुचित ढंग से हो सके इसके लिए अधिकारीगण सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में स्थानीय विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम आटमी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित जनप्रतिनिधिगण और जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, डीएफओ श्री सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा तथा सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। ''दिषा'' की बैठक में महत्वपूर्ण केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), छ.ग. ग्रामीण सड़क योजना विकास अभिकरण (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना), छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा हुई। बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यहां की महिलाओं तथा बच्चों के भोजन में अतिरिक्त रूप से ''यूनिवर्सल अंडा'' प्रत्येक केंद्र में प्रतिदिन प्रदान किए जा रहे हैं, जो कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने का बहुत अच्छा जरिया है। इसके साथ ही सांसद श्री महेश कश्यप ने जिले में स्वास्थ्य शिक्षा सड़क बिजली सुपोषण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जितनी भी योजना है उनको युद्धस्तर पर क्रियान्वित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

# कन्हर नदी का जल स्तर बढ़ते से बढ़ने लगा खतरा

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर है कन्हर नदी का जल स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। जिससे कन्हर के पानी का रिंग रोड किनारे के घरों में घुसने का खतरा मंडराने लगा है। लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई ग्रामीण मार्ग एवं स्टेट हाईवे बाधित हो गए है। रामानुजगंज क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से वर्षा प्रारंभ हुई जो 24 घंटे से लगातार जारी है। बीती रात लगातार मूसलाधार बारिश होती रही वहीं समाचार लिखे जाने तक मूसलाधार वर्षा जारी है। मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है लोग घरों में दुबक गए हैं वहीं कन्हर नदी का जल स्तर आज सुबह से ही बढ़ना प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक बढ़ता ही रहा। कन्हर नदी का पानी राम मंदिर घाट, महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट के नजदीक तक पहुंच गई है। जिस प्रकार से वर्षा लगातार हो रही है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मंदिरों को जोड़ने वाले सीसी रोड तक कन्हर का पानी पहुंच जाएगा। नगर में बढ़ते जल स्तर से रिंग रोड में कन्हर नदी के किनारे रहने वाले लोग चिंतित हैं यदि जल स्तर इसी प्रकार बढ़ता रहा तो रिंग रोड में रहने वाले घरों तक पानी पहुंच जाएगा। अलर्ट है नगर पंचायत के कर्मचारी रमन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक के वार्ड में नगर पंचायत के कर्मचारी अलर्ट है। लगातार जायजा लिया जा रहा है वही कन्हर नदी के जल स्तर पर भी हम सब की नजर है।

# भारी बारिश से महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कटा

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज वाड्रफनगर मुख्य मार्ग में लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार के कारण फिर से एक बार यह मार्ग कभी भी बाधित हो सकता है। पिछले वर्ष मूसलाधार बारिश के बाद महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कट गया था। जिसे बनाने में लोक निर्माण विभाग के द्वारा काफी लापरवाही बरती गई थी उसी समय लोगों ने कहा था कि पुन: यह ऐसी स्थिति में आ जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटिया कार्य का विरोध करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी। परंतु लोक निर्माण विभाग के द्वारा ऐसा कार्य कराया गया कि एक वर्ष में ही पुन: रोड काटने की स्थिति में आ गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष हुई मूसलाधार बारिश के बाद स्टेट हाईवे रामानुजगंज वाड्राफनगर मुख्य मार्ग महावीरगंज उड़ो नाला से पानी अधिक जाने के बाद सड़क दोनों ओर से कट गया था जिससे कई दिनों तक आवागमन बाधित हो गया था। जिसे जिला प्रशासन के तत्परता के बाद मार्ग को आवगमन लायक बनाया गया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा जब इसकी मरम्मत की जा रही थी। तब स्थानीय लोगों के द्वारा घटिया निर्माण करने का आरोप लगाते हुए विभाग से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी पर उनकी उसके बाद भी विभाग के द्वारा जैसे तैसे कार्य कर दिया गया जिसका परिणाम यह हो रहा है।

# पहाड़ पर बना दिया आंगनबाड़ी केंद्र, बच्चों के लिए बना परेशानी का सबब

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज विकासखंड मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित मितगई में आंगनबाड़ी केंद्र को करीब 100 मीटर ऊंचे पहाड़ पर बना दिया गया है। जिससे छोटे मासूम बच्चों को चढ़ने एवं उतरने में काफी परेशानी होती है वहीं हर पल गिरने का भी खतरा मंडराते रहता है। इतने ऊंचे पहाड़ पर बच्चे जाने से भी कतराते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 20 से 25 बच्चे पंजीकृत है परंतु प्रतिदिन इतनी संख्या में ऊंचाई के कारण बच्चे वहां नहीं पहुंचते हैं। ग्राम मितगई के शेख पारा में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व किया गया था बताया जा रहा है कि नीचे समतल भूमि नहीं मिलने के कारण पहाड़ पर निर्माण कर दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनने के बाद यहां पर आंगनबाड़ी नियमित रूप से लग रहा है परंतु बच्चे इतनी ऊंचाई में जाने से कतराते हैं शेखपारा के 3 से 6 वर्ष के बच्चे जो नियमित रूप से आंगनबाड़ी जा सकते हैं परंतु वह ऊंचाई पर आने जाने के कारण नहीं जाना चाहते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की भी व्यवस्था नहीं है पानी भी नीचे से लेकर जाना पड़ता है जो बहुत ही कठिन होता है। सेप्टिक टैंक को खुला छोड़ दिया गया है एक ओर इतनी ऊंचाई में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बना दिया गया है वही आंगनबाड़ी केंद्र जब से बना है तब से सैप्टिक टैंक खुला छोड़ दिया गया है एक और ऊंचाई से बच्चों के गिरने का खतरा दूसरी ओर सेप्टिक टैंक भी बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। पलक झपकते कभी भी हो सकता है यहां हादसा आंगनवाड़ी भवन के ठीक सामने खाई है मुश्किल से वह भवन से 5 से 10 फीट की सीधी दूरी पर है ऐसे में बच्चे भवन से निकलकर सामने की ओर जाते हैं तो पलक झपकते कभी भी हादसा हो सकता है हर एक पल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बच्चों पर नजर रखनी पड़ती है।

# हरेली तिहार में पीएम आवास योजना के लाभर्थियों ने लगाए पौधे



**कवधा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के पहले पारंपरिक हरेली तिहार के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास हितग्राहियों के आवास में वृहद पौधरोपण किया गया। घर-घर वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में आवास लाभार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधे की देखरेख कर इसे बड़ा करने का संकल्प लिया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्र तक विभिन्न ग्राम पंचायतो में निर्मित प्रधानमंत्री आवास में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत ढोलबज्जा में किया गया जहां पर स्वीकृत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान जनमन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति आदेश पत्र का वितरण कर शुभकामनाएं देते हुए किस्त की राशि जारी की गई। हरेली तिहार के अवसर पर जिले के 500 हितग्राहियो को प्रथम, दुतीय, तृतीय एवं अंतिम किस्त सहित कुल 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में जारी किया गया। आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए नए आवास निर्माण एवं गृह प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान अलग-अलग आवासों एवं ग्राम पंचायतो में 14500 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पहले पारंपरिक हरेली तिहार के शुभ अवसर पर जिले के आवास लाभार्थियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण करने की योजना बनाई गई थी जिससे कि इस वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण किया जा सके।

### बारिश में भी सफाई कर्मियों ने संभाला सफाई व्यवस्था

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** एक ओर नगर में 24 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश होने कारण लोग अपने घरों में दुबके थे वहीं दूसरी ओर नगर के सफाई कर्मी बरसते मूसलाधार बारिश के बीच पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्य संपादित करते देखे गए। घंटो पानी में भीगकर सफाई कर्मियों ने नगर की साफसफाई व्यवस्था को बहाल रखा। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले का सबसे बड़ा शहर रामानुजगंज है जहां की आबादी करीब 25000 के करीब है वही नगर 15 वार्डों में करीब 10 किलोमीटर एरिया से अधिक में फैला है। वही यहां मात्र पांच नियमित सफाई कर्मचारी है व प्लेसमेंट के करीब 20 से 25 कर्मचारियों के भरोसे पूरे नगर की सफाई व्यवस्था संचालित होती है। नगर के सीमित संख्या में सफाई कर्मी सुबह एवं देर शाम सफाई करते हैं। सीमित संख्या में सफाई कर्मियों के बावजूद भी नगर की साफसफाई व्यवस्था दुरुस्त रहती है आज 24 घंटे से हो रही वर्षा के बीच नगर के सफाई कर्मी मूसलाधार बारिश में भीगते हुए घंटो सफाई में लग रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संख्या में हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी हैं परंतु इसके बाद भी कर्तव्य निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए नगर को साफसुथरा रखने में अपनी पूरा योगदान दे रहे हैं।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर वानिंदु हसरंगा




**कोलंबो( एजेंसी )।** श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह जेफ्री वेंडरसे को टीम में शामिल किया गया है। हसरंगा ने सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की थी। भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच से पहले यह खबर श्रीलंका के लिए एक बड़ा झटका है। हसरंगा हैमस्ट्रिंग के कारण भारत के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 अगस्त को खेला जाएगा। हसरंगा श्रीलंका के लिए स्टार खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने शुक्रवार को पहले मैच में भारत को बराबरी पर रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। कप्तान असलांका और हसरंगा ने तीन-तीन विकेट चटकाए थे, जिससे श्रीलंका ने छोटे स्कोर का बचाव किया। श्रीलंका के लिए भारत के खिलाफ यह सीजन अब तक काफी खराब रहा है। टी20 सीरीज में वह 0-3 से हार गई। हालांकि वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार वापसी कर मैच ड्रॉ कराने से लगातार हार झेल रही टीम को आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। श्रीलंका के कई खिलाड़ी चोटिल या बीमार होने के कारण वनडे सीरीज से बाहर हैं। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल हो गए थे। श्रीलंका मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा के रूप में दो नए चेहरों को टीम में जोड़ने के साथ-साथ तीन स्टैंडबाई खिलाड़ियों की भी घोषणा की थी। बोर्ड ने कुसल जेनिथ, प्रमोद मदुशन और जेफरी को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के रूप में रखा था। अब जेफरी टीम का हिस्सा बने हैं। फुल स्ट्रेंथ बैटिंग लाइन-अप के साथ उतरी टीम इंडिया को कमजोर और चोटिल खिलाड़ियों से परेशान श्रीलंका ने पहले वनडे में कड़ी टक्कर दी है। वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आर प्रेमदासा स्टेडियम कोलंबो में 4 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे से खेला जाएगा।

## व्यापार समाचार

## फोटो एडिट करना चाहते हैं तो गूगल के इस एडिटिंग टूल का करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मोबाइल फोन में फोटो क्लिक कराने के बाद अक्सर लोग फोटो का बैकग्राउंड बदलने का प्रयास करते हैं। इसके लिए न जाने कितने ही फोटो एडिटिंग ऐप डाउनलोड करते हैं, लेकिन किसी भी ऐप पर बेहतर फोटो एडिटिंग का विकल्प नहीं मिलता है। ऐसे में फोटो का बैकग्राउंड बदलने का मिशन पूरा नहीं हो पाता है। लेकिन, अब मोबाइल यूजर अपनी फोटो के बैकग्राउंड को अपनी इच्छा के अनुसार बदल सकेंगे। अगर आपको लगता है कि फोटो का बैकग्राउंड ठीक नहीं तो अब आप इसे बिना कोई ऐप डाउनलोड किये एडिट कर पाएंगे। गूगल फोटो एडिट की सुविधा दे रहा है। गूगल ने हाल में ही घोषणा की है कि वह अपने गूगल फोटोज यूजर्स के लिए एआई गूगल फोटोज एडिटिंग टूल उपलब्ध कराएगी। यह उन यूजरों के लिए अच्छी खबर है जो पहाड़, नदी किनारे जाकर अपनी फोटो क्लिक करवाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि फोटो के बैकग्राउंड में पहाड़, पानी दिखाई दे। ऐसे में गूगल के एआई एडिटिंग टूल की मदद से वह ऐसा कर पाएंगे, और इसके लिए उन्हें पहाड़ और नदी किनारे जाने की जरूरत भी नहीं होगी। यह सुविधा पहले पिक्सल और गैलेक्सी डिवाइस पर काम करता था। लेकिन, यूजरों की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी गूगल फोटो यूजर्स के लिए इसे उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है। गूगल इस बात का ध्यान रख रहा है कि सभी डिवाइस पर यह अच्छे से काम करे। मैजिक एडिटर टूल में कई फीचर्स हैं जिनका इस्तेमाल कर यूजर अपने फोटो के बैकग्राउंड से गैर-जरूरी चीजों को हटा सकेंगे। जैसे आपने किसी के साथ सेल्फी ली है और उस सेल्फी में कोई और भी है तो आप इस टूल का इस्तेमाल कर उसे हटा सकेंगे। साथ ही उसकी जगह बैकग्राउंड में किसी ओर को जोड़ सकेंगे। इस दौरान यह तेजी से एडजस्ट भी हो जाएगा।

## निवेशकों के लिए सावधानी

**मुंबई :** एक्सचेंज के ध्यान में लाया गया है कि श्री जेम लाल देवांगन (पैन: (त्तष्टक्क1320छ्व), हमारे पंजीकृत स्टॉक ब्रोकर में से एक के अधिकृत व्यक्ति, नीचे उल्लिखित पते के माध्यम से काम करते हुए, शेयर बाजार में निवेश पर सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न प्रदान कर रहे हैं। एक्सचेंज ट्रेडिंग सदस्य के खिलाफअनुशासनात्मक कार्रवाई करने की प्रक्रिया में है।

पता- बीएल.नंबर 27, प्लॉट नंबर 22, दूसरी मंजिल व्हाइट हाउस, नेहरू नगर, पूर्वी भिलाई, दुर्ग-490020, छत्तीसगढ़।

निवेशकों को सावधान किया जाता है और सलाह दी जाती है कि वे शेयर बाजार में सांकेतिक /सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न देने वाले किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा पेश की गई ऐसी किसी भी योजना/उत्पाद को सब्सक्राइब न करें क्योंकि ऐसा करना कानून द्वारा निषिद्ध है। इसके अलावा, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ट्रेडिंग क्रेडेंशियल जैसे यूजर आईडी/पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। एक्सचेंज ने पंजीकृत सदस्य और उसके अधिकृत व्यक्तियों के विवरण की जांच करने के लिए अपनी वेबसाइट पर https://www.nseindia.com/invest/find-a-stock-broker लिंक के तहत अपने स्टॉक ब्रोकर को जानें/ढूंढें की सुविधा प्रदान की है। इसके अलावा, ट्रेडिंग सदस्यों द्वारा एक्सचेंज को बताए गए निवेशकों से/को पैसे प्राप्त करने/भुगतान करने के लिए क्लाइंट बैंक खातों के रूप में नामित नामित बैंक खाते भी उक्त लिंक के तहत प्रदर्शित किए गए हैं। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी व्यक्ति/संस्था के साथ लेन-देन करते समय विवरण की जांच करें।

## 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता: अमेज़न एलेक्सा सर्वेक्षण

**बेंगलुरु :** बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं और माता-पिता हमेशा ऐसे सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं जिससे उनकी जिज्ञासा शांत हो। यह बात अमेज़न एलेक्सा के कांतार के ज़रिये जून 2024 को छह शहरों में 750 से अधिक अभिभावकों के बीच किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में सामने आई। इस सर्वेक्षण से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता। साथ ही इसमें 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यदि उन्हें पता न हो तो वे तुरंत सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं। गौरतलब है कि सर्वेक्षण में शामिल 44 प्रतिशत माता-पिता ने मौके पर ही मनगढ़ंत जवाब देने की बात स्वीकार की। सर्वेक्षण में शामिल केवल 3 प्रतिशत माता-पिता ने सवाल को अनदेखा किया या बच्चे को सवाल पूछने से रोकने के लिए विषय बदल दिया। बच्चे अक्सर कार कैसे बनाएं?, ब्रह्मांड कितना बड़ा है?, हवाई जहाज कैसे उड़ता है?, और मछली पानी के नीचे कैसे सांस लेती है?, जैसे सवाल पूछते हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 60 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि वे अक्सर हैरान हो जाते हैं जब बच्चे ऐसे सवाल पूछते हैं जो दिखने में आसान लगते हैं, जैसे सर्दी और गर्मी के बीच कौन सा मौसम आता है?, माता-पिता को काम क्यों करना पड़ता है?, और हम सब्ज़ी क्यों धोते हैं? आदि। कुछ लोग जवाब देने के लिए बात अपने जीवनसाथी के ओर मोड़ देते हैं और सर्वेक्षण में शामिल 37 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने बच्चों से कह देते हैं कि अपनी मां से पूछ लो या अपने पिता से पूछ लो।

## अगस्त में कुल 14 दिन बंद रहेंगे बैंक, यहां देखें छुट्टियों की पूरी लिस्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इस महीने यानी अगस्त में बैंकों में 14 दिन का अवकाश है। कई वजहों से देश के अलग-अलग हिस्सों में बैंक बंद रहेंगे। रविवार और सेकंड सैटरडे और फोर्थ सैटरडे को पूरे देश में बैंकों में अवकाश रहता है। ऐसे में बैंक अगर लगातार कुछ दिन के लिए बंद हो जाए तो लोगों को आम जिंदगी में बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। लोगों को इन्हीं परेशानियों से बचाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हर महीने की शुरुआत में बैंकों की छुट्टी की लिस्ट आम आदमियों के लिए जारी करती है। आप भी इन छुट्टियों को लिख लीजिए जिससे आपको परेशानियों का सामना न करना पड़े। अगस्त के महीने में सभी बैंकों में 14 दिन अवकाश रहेगा।

## भारतीय मुक्केबाज निशांत देव के साथ ओलंपिक में हुई बेईमानी


### जानबूझकर हराने का लग रहा आरोप



**पेरिस( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक 2024 में 3 जुलाई की रात भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का 71 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वर्डे अल्वारेज़ के साथ मैच था. उम्मीद थी कि निशांत ये मैच जीतकर मुक्केबाजी में देश के लिए पदक जीतने की दिशा में आगे बढ़ेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका लेकिन निशांत अपना मुकाबला 1-4 से हार गए. मैच के बाद निशांत ने कहा कि उन्हें हार का भरोसा नहीं था और मैच रेफरी ने जिस तरह परिणाम घोषित किए हैं वो मेरे लिए विश्वास करने लायक नहीं है. बता दें कि निशांत की हार की वजह रेफरी मंडल के विनाशकारी विभाजित फैसले को बताया जा रहा है. 23 वर्षीय निशांत देव ने शुरुआती राउंड में आसानी से जीत हासिल की और दूसरे राउंड में भी मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे. इस दौरान उन्होंने मैक्सिकन मार्को वर्डे अल्वारेज़ पर कई बड़े जैब हुक लगाए इसके बावजूद जजों ने आश्चर्यजनक रूप से उस राउंड में अल्वारेज़ का पक्ष लिया. इस वजह से वे मुकाबले में 3-2 से आगे हो गए और उनकी ये बढ़त आखिर तक बरकरार रही. फाइनल राउंड की शुरुआत में मार्को वर्डे अल्वारेज़ काफी आक्रामक रहे और निशांत पर रई मुक्के लगाए. भारतीय खिलाड़ी ने मुक्कों से बचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, वे पूरी तरह से थके हुए नज़र आए और उन्होंने जब मुक्का मारने की कोशिश की तो वो काफी धीमा था.

## ट्राई की नई गाइडलाइन से मोबाइल यूजर्स की मौज, 24 घंटे नेटवर्क नहीं आया तो कंपनियां देंगी मुआवजा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टेलीकॉम कंपनियों ने टैरिफ में इजाफा कर जनका को बड़ा झटका दिया है, लेकिन एक महीने के बाद टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई ने मोबाइल यूजर्स की मौज करा दी है। ट्राई ने नई सर्विस क्वालिटी स्टैंडर्ड को जारी किया है। जिसमें रेगुलेटर ने टेलीकॉम कंपनियों को जिला लेवल पर 24 घंटे से अधिक समय तक सर्विस बाधित रहने पर कस्टमर्स को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। अगर कोई कंपनी स्टैंडर्ड को पूरा नहीं करती है तो उस लगने वाले फाइन को भी डबल कर दिया गया है। टेलीकॉम कंपनियों ने कहा है कि अगर किसी भी कंपनी की सर्विस 24 घंटे से ज्यादा बाधित रहती है या यूं कहें कि नेटवर्क नहीं आता है तो उस कंपनी को कस्टमर को मुआवजा देना होगा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नए नियमों के तहत प्रत्येक क्वालिटी स्टैंडर्ड को पूरा करने में विफल रहने पर दंडात्मक राशि को 50,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है। नियामक ने संशोधित नियमों पहुंच (वायरलाइन और वायरलेस) और ब्रॉडबैंड (वायरलाइन और वायरलेस) सेवा गुणवत्ता मानक विनियम, 2024




के तहत नियम उल्लंघन के विभिन्न पैमानों के लिए एक लाख रुपए, दो लाख रुपए, पांच लाख रुपए और 10 लाख रुपए की श्रेणीबद्ध जुर्माना प्रणाली शुरू की है। नए मानदंड तीन अलग-अलग विनियमों ङ्क बेसिक तथा सेल्युलर मोबाइल सेवाओं, ब्रॉडबैंड सेवाओं, और ब्रॉडबैंड वायरलेस सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता का स्थान लेते हैं। नए नियमों के मुताबिक, किसी जिले में नेटवर्क बाधित होने की स्थिति में दूरसंचार परिचालकों को पोस्टपेड ग्राहकों के लिए किराए में छूट देनी होगी। जबकि प्रीपेड ग्राहकों के लिए कनेक्शन की वैधता बढ़ानी होगी।

## इंस्टाग्राम पर रील बनाने के शौकिनों के लिए गूड न्यूज ये एआई का नया फीचर दिलाएगा खास पहचान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मेटा ने अपने इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर एक नया एआई टूल 'एआई स्टूडियो' जारी किया है जिसकी मदद से यूजर अपना खास एआई चैटबॉट बना सकेंगे। यह टूल यूजरों को अपना निजी एआई चैटबॉट बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने की सुविधा देता है। खासकर प्रभावशालियों और छोटे व्यवसायों के लिए यह टूल बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके जरिए वह अपने कस्टमाइज जवाब बनाकर संदेशों का जवाब दे सकते हैं। मेटा ने इस नए टूल का इंस्टाग्राम यूज करने वाले कारोबारी व्यवसाय के विस्तार के लिए उपयोग कर सकते हैं। यह एआई चैटबॉट सामान्य डायरेक्ट मैसेज प्रश्नों और स्टोरीज के जवाब देने में सक्षम है। इसके अलावा, यूजर अपने एआई




चैटबॉट को मेटा के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर भी साझा कर सकते हैं। एआई स्टूडियो का निर्माण मेटा के ओपन सोर्स एआई मॉडल लामा 3.1 पर किया गया है, जो पिछले सप्ताह जारी किया गया था। यह कई भाषाओं में उपलब्ध है और प्रतिद्वंद्वियों के पेड टूल्स को टक्कर देता है। यह नया फीचर सिर्फ इंस्टाग्राम तक सीमित नहीं रहेगा। मेटा इसे अपने अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी जोड़ेगा। इससे यूजरों को हर प्लेटफॉर्म पर एक समान अनुभव मिलेगा। इससे पहले, जून में गूगल ने भारत में अपना जेमिनी मोबाइल ऐप नौ भाषाओं में लॉन्च किया था। इसके एक सप्ताह बाद ही मेटा एआई को भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और 'मेटा डॉट एआई' पर पेश किया गया था। मेटा एआई के लॉन्च के समय कंपनी ने कहा था कि इसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के साथ बनाया गया है। इससे फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर लाखों यूजरों को फायदा होगा। मेटा एआई का उपयोग करके सामग्री बनाने से लेकर किसी विषय पर जानकारी हासिल करने जैसे काम अब सीधे और आसानी से हो जाते हैं। यह नया फीचर निर्माताओं को अपने फॉलोअर्स के साथ बेहतर और प्रभावी तरीके से संवाद करने में मदद करेगा। अगर आप भी इंस्टाग्राम पर रील बनाने के शौकीन हैं, तो मेटा प्लेटफॉर्म का यह नया एआई स्टूडियो टूल आपके लिए बेहद खास साबित हो सकता है।

## जूलियन अल्फ्रेड ने रिचर्डसन को चौंकाकर 100 मीटर का खिताब जीता



**पेरिस( एजेंसी )।** जूलियन अल्फ्रेड ने स्टेड डी फ्रांस में प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को 10.72 सेकेंड में महिलाओं की 100 मीटर में हराकर स्वर्ण पदक जीता और सेंट लूसिया को खेलों के इतिहास में अपना पहला ओलंपिक पदक दिलाया। एथेंस 2004 के बाद पहली बार महिलाओं की 100 मीटर में एक नया चैंपियन मिला है, जब जमैका की दिग्गज स्प्रिंट खिलाड़ी शैली-एन फ्रेजर प्राइस चोट के कारण सेमीफाइनल से हट गईं। अल्फ्रेड ने यह जीत अपने दिवंगत पिता को समर्पित की जिनकी 11 साल पहले मृत्यु हो गई थी। सबसे महत्वपूर्ण, भगवान, मेरे कोच और अंत में, मेरे पिता, जिनका मानना था कि मैं यह कर सकती हूं। 2013 में उनका निधन हो गया, और अब वह मुझे मेरे करियर के सबसे बड़े मंच पर नहीं देख सके। लेकिन वह मुझे अपनी बेटी के ओलंपियन होने पर हमेशा गर्व करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन यूएसए की रिचर्डसन ने 10.87 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन मेलिसा जेफरसन ने 10.92 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। अटलांटा 1996 के बाद पहली बार अमेरिकी धावकों ने इस स्पर्धा में दो पदक जीते हैं।

## जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को गुजरात के खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए ईपीसी अवार्ड प्राप्त हुआ

**नईदिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (BSE: 542851) (NSE- GENSOL), सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी कंपनी को गुजरात के कच्छ के रण में स्थित खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (ईपीसी) का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह 463 करोड़ रुपये की परियोजना अत्याधुनिक फिक्स्ड टिल्ट मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के साथ-साथ शेष बैलेंस ऑफ सिस्टम के साथ तैयार की जाएगी। इस ऑर्डर जीत पर बोलते हुए, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सोलर ईपीसी, भारत), सुश्री शिल्पा उर्हेकर ने कहा, 'हमें एक प्रमुख स्वतंत्र बिजली उत्पादक (IPP) से यह प्रतिष्ठित ऑर्डर जीतकर बहुत खुशी हो रही है। यह जीत जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता में विश्वास को दर्शाती है। ग्राहक की जरूरतों की हमारी समझ, उत्कृष्ट इंजीनियरिंग ट्रैक रिकॉर्ड के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले अक्षय समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारी लगातार जीत के पीछे महत्वपूर्ण रही है। परिणामस्वरूप, हम वर्तमान में लगभग 1 GW की कुल क्षमता वाली सौर परियोजनाओं को कई प्रमुख ग्राहकों के लिए निष्पादित कर रहे हैं। यह हमें एक रोमांचक भविष्य की नींव बनाने में सक्षम बना रहा है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि वह गुजरात में लगभग 600 करोड़ रुपये के ईपीसी राजस्व के साथ 116 मेगावाट (150 MWp) की सौर परियोजनाओं के लिए विजेता बोलीदाता के रूप में उभरी है। ये परियोजनाएं 27 विविध स्थानों पर वितरित की जाएंगी, जो सभी पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (PGVCL), राज्य बिजली वितरण कंपनी के अधिकार क्षेत्र में हैं। **जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के बारे में:** 2012 में स्थापित, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी है जो सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों में विशेषज्ञता रखता है।

## पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा वन टाइम सेटेलमेंट की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली:** भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती ज्वेलरी रिटेल चेन पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई: 534809, एनएसई: पीसीजेवेलर) ने घोषणा की है कि इंडियन ओवरसीज बैंक ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया राशि का निपटान करने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। स्वीकृत ओटीएस की शर्तों में नकद और इक्विटी पटक, प्रतिभूतियों और गिरवी रखी गई संपत्तियों की रिहाई आदि शामिल हैं। हाल ही में, बैंक ऑफबड़ौदा और कैनरा बैंक ने भी कंपनी द्वारा स्वीकृत एकमुश्त निपटान को मंजूरी दी थी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने आईसीडीआर निधर्मी और अन्य लागू कानूनों के अनुसार, सदस्यों की मंजूरी और अन्य आवश्यक नियामक, वैधानिक और अन्य अनुमोदनों के अधीन, 56.20 रुपये प्रति वारंट की कीमत पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वारंट के तरजीही जारी करने के माध्यम से 2705 करोड़ रुपये तक धन जुटाने को मंजूरी दी है।

प्रमोटर समूह न्यूज ट्रैक गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बलराम गर्ग (एचयूएफ) और पूजा गर्ग प्रस्तावित आवंटियों में शामिल हैं। इसके अलावा, एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड, कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड आदि जैसे कई विदेशी निवेशक गैर- प्रमोटर समूह के भीतर प्रस्तावित आवंटियों में शामिल है।

पौसी ज्वेलर्स लिमिटेड ने अपनी यात्रा की शुरुआत वर्ष 2005 में करोल बाग, नई दिल्ली में अपने पहले शोरूम के उद्घाटन के साथ की थी। कंपनी का विजन उत्कृष्ट आभूषणों के माध्यम से लालित्य, आकर्षण और स्टाइल को फिर से परिभाषित करना था। आज, पीसी ज्वैलर्स भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ज्वैलरी रिटेल चेन में से एक है, जिसके 17 से अधिक राज्यों के कई शहरों में शोरूम हैं। अपनी स्थापना के बाद से, पीसी ज्वैलर्स डिजाइन में अग्रणी रहा है, जहां प्रत्येका उत्पाद पूर्णता के साथ तैयार किया गया है। चाहे वह विस्तृत शादी के आभूषण हो या किफायती रोजमर्रा के पहनने योग्य, पीसी ज्वैलर्स ने लगातार बेजोड़ गुणवत्ता के असाधारण डिजाइन तैयार किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवाकरपी सिंह ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायपुर अंचल प्रमुख का कार्यभार संभाला



**रायपुर।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा के महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी सिंह ने 05.08.2024 को नवगठित रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। रायपुर अंचल में कार्यभार ग्रहण करने से पहले आप मॉरीशस में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के परिचालन प्रमुख व अफ्रीकन क्लस्टर हेड रहे । आपके पास 28 वर्षों का व्यापक कार्यानुभव है, आपने बैंक में विदेशी परिचालन प्रमुख, सहित क्षेत्रीय प्रमुख, शाखा प्रमुख जैसे विभिन्न भूमिकाओं में कार्य किया है। अपने कार्यकाल के दौरान आपने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और केन्या में विभिन्न पदों पर आसीन रहते हुए सेवाएं दी हैं।वर्तमान में आपका प्रमुख उद्देश्य ग्राहकों को आदर्श बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करते हुए छ्त्तीसगढ़ सहित देश केआर्थिक विकास में योगदान देना है ।

### काली मंदिर प्रांगण में खीर वितरण का कार्यक्रम संपन्न



**रायपुर दैनिक विश्व परिवार।** सामाजिक और धार्मिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए व भूखे और गरीब असहाय लोगों को भरपेट भोजन कराना पुण्य की बात है इस भाव को अंगीकार करते हुए प्रजापति महिला संगठन द्वारा पिछले कई महीनों से हर अमावस्या को निःशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। काली माता मंदिर के प्रांगण में 50 किलो दूध की खीर बनाकर वितरण किया गया है। इस दौरान प्रसाद लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शीला प्रजापति, शंकर नगर वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति, बेबी चंद्रकला, अलका, स्नेहा, लीला प्रजापति, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में खीर वितरण का आयोजन किया गया।

### संभागायुक्त श्री कावरे ने किया विभागीय परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज छत्तीसगढ़ कॉलेज में चल रही विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर बिजली, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिये। छतीसगढ़ कॉलेज को शासकीय विभागीय परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है । दो पालियों ने आयोजित की जा रही विभागीय परीक्षा में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हो रहे है । आज इस केंद्र पर दूसरी पाली में 38 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, वहीं सुबह की पाली में 58 अधिकारी कर्मचारियों ने परीक्षा दी।



# 'राज्यस्तरीय ट्रांसजेंडर सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन



**रायपुर।** आज राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय के मुक्ताकाशी मंच में 'राज्यस्तरीय ट्रांसजेंडर सांस्कृतिक संध्या' सांझ-6 का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ इकलौता ऐसा राज्य है जहां ट्रांसजेंडर समुदाय की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन द्वारा मंच प्रदान किया जाता है।

इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा छत्तीसग? मितवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। इस कायर्कम के मुख्य अतिथि विधायक श्री पुरंदर मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग श्री विवेक आचार्य उपस्थित थे। इसके साथ सहायक संचालक, संस्कृति व पुरातत्व विभाग तनुजा बघेल, विशेष अतिथि के रूप छत्तीसग? किन्नर समाज की प्रमुख नगीना नायक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता चंसोरिया, सहायक प्राध्यापक दुर्गा महाविद्यालय तथा प्रीतम महानंद, सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

का?क्रम सांझ -6 में तृतीय लिंग समुदाय के कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। दीप प्रज्व्लल के पश्चात पहली एकल प्रस्तुत मीरा यादव द्वारा ओडीसी नृत्य के माध्यम से किया गया। पहली सामूहिक प्रस्तुति प्रतिमा ग्रुप द्वारा राजस्थानी नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद स्वरागिनी ग्रुप के कलाकारों ने भी राजस्थानी व छत्तीसगढ सुआ गीत, कर्मा गीत, ददरिया व होली के गीतों में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। तीसरी प्रस्तुति के रुप में रायपुर के श्री युवराज बाध एवम साथी द्वारा कत्थक में शिव वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ-साथ उन्होंने कत्थक तिहाई, परन और ठुमरी में अपने अंदाज से लोगों को दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है कि युवराज बाध जी कत्थक नृत्य के क्षेत्र में गुररत्न अवार्ड, मधुपुरम अवार्ड, मधुपुरम सम्मान, गुरू बह्म अवार्ड तथा नृत्य माया अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं।

प्रतिमा डांस ग्रुप द्वारा समाज में व्याप्त दहेज की कुरितियों से संबंधित एक संगीतमय नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य नाटिका के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश दिया गया, जो बहुत की आकषर्क ढंग से प्रस्तुत किया गया। समुदाय के कई कलाकारों द्वारा एकल विधा में उपशास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुति दी गई। पिथौरा महासमुंद की चुरकी मुरकी डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपने अंदाजों से सभी ओडियंस का मन जीता। कार्यक्रम के दूसरे चरण में ट्रांसजेंडर युवाओं ने रैंप पर फैशन शो किया। ये सरोना स्थित गरिमा गृह के विद्यार्थी थे। उन्होंने छत्तीसग?ी, इंडियन थीम तथा इन्द्रधनुषी थीम पर रैप पर माडलिंग किया।

फैशन शो और नृत्य के दौरान दर्शको ने समुदाय के व्यक्तियों का उत्साहत वर्धन किया तथा कार्यक्रम में समुदाय के वरिष्ठ लोगों द्वारा सभी कलाकारों का श्रीफल, साल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसग? मितवा संकल्प समिति के अध्यक्ष विद्या राजपूत ने कलाकारों, दर्शकों एवम संस्कृति एवम पुरातत्व विभाग, क्कीरगढ स्लक्क्ष्क्त समूह, वॉक इन टॉक फूड कॉर्नर, अनंत प्रवाह कत्थक केन्द्र के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो सका।

## रामकृष्ण केयर अस्पताल में 400 से अधिक लोगों ने लिया अंगदान करने का संकल्प

**रायपुर।**3 अगस्त को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें जीवन रक्षा हेतु अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना था।




इस अवसर पर अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा पेशेंट्स के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके बाद हॉस्पिटल स्टाफ और प्रबंधन ने मिलकर रंगोली एवंनुक्कडनाटक के माध्यम से भावीअंगदाताओं के बीच जागरूकता फैलाईगईतथाअंगदान करने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान हॉस्पिटल के प्रमुखडॉक्टर्स ने विभिन्न अंगों एवंटिशू दान केमहत्व एवंप्रत्यारोपण के बारे में जानकारी दी और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। इनमें प्रमुख रूप से रामकृष्णकेयर हॉस्पिटल के वरिश्ठचिकित्सकों की टीमडॉ. प्रवास चौधरीडॉ. एस.एन. मढ़रिया, डॉ. संदीप पांडेय डॉ. अजय पाराशर डॉ.

संजीव अनंतकाले. डॉ. लालित निहाल, डॉ. संतोष सिहडॉ. विशाल कुमार, डॉ. अजीत

मिश्रा.डॉ. थ्वनोद आहूजा, डॉ. रवि जायसवालडॉ. हर्ष जैन, डॉ. मलय रंजन, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. सोनल बघेलत था अन्य डॉक्टर्स भी शामिल थे। ठस अवसर पर राम कृशण केयर अस्पताल के मैनेजिंग कम मेडिकलडायरेक्टर डॉ. संदीप दवे. ने भी अपने टीम को प्रोत्साहित किया एवंअपनेटीम की सराहना करते हुए भावी अंग दाताओं को अंगदान करने का संकल्प लेने के लिए बधाईदी। छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे मध्यभारत में विश्वस्तरीय चिकित्सा व सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाओं के

लिए प्रतिष्ठित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की चिकित्सकीय सेवाएं लगातार

विस्तारित की जा रही हैं।

अस्पताल प्रशासन ने इस आयोजन के माध्यम से लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जनदर्शन में सुनी आमनागरिकों की समस्याएं

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज रेडक्रॉस सभाकक्ष मे आयोजित जनदर्शन मे आम नागरिकों की समस्याओ को सुना। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान अनेकों आवेदन प्राप्त हुआ। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान की पारागांव अभनपुर निवासी फूलबासन वर्मा ने सामान्य राशनकार्ड को अंतयोदय राशन कार्ड में बदलने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कार्रवाई करने का तत्काल निर्देश दिया।



बतरसी निवासी सुषमा यादव ने ग्राम पंचायत के सहायिका के पद के लिए आवेदन दिया था। उनको नियुक्ति मिल गया है, लेकिन अभी तक आदेश कापी नहीं नहीं मिली है। जिससे नियुक्ति में देरी हो रही है। रायपुर के उद्यानों में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने को लेकर शिकायत,तिल्दा के बहराडीह निवासी तोरन ने बेजा कब्जा हटाने, रवि शर्मा ने वामनराव लाखे वार्ड में जलभराव की समस्या जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अंगदान दिवस का उत्सव और अंगदान प्रतिज्ञा अभियान एम्स रायपुर

**रायपुर।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस हर साल 3 अगस्त को मनाया जाता है ताकि अंगदान के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके, अंगदान से जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को दूर किया जा सके, और देश के नागरिकों को मृत्यु के बाद अपने अंग और ऊतक दान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके। इसका उद्देश्य लोगों के जीवन में अंगदान के महत्व को स्थापित करना है।

इस साल के उत्सव के हिस्से के रूप में,, द्धद्धरूस रायपुर के नेफ्रोलॉजी विभाग और यूरोलॉजी विभाग ने 2 अगस्त 2024 को एक अंगदान प्रतिज्ञा अभियान का आयोजन किया। विभिन्न विभागों के कुल 108 व्यक्तियों, जिनमें रायपुर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, डीन प्रो (डॉ) आलोक अग्रवाल, और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो (डॉ) रेनू राजगुरु शामिल हैं, ने इस नेक कार्य के लिए अपने अंग दान करने की प्रतिज्ञा की।

## रेलवे बोर्ड से अनिल कुमार खंडेलवाल ने रायपुर से नागपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निरीक्षण किया

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक 03 अगस्त,2024 को रेलवे बोर्ड से (मेम्बर इंफ्रा) श्री अनिल कुमार खंडेलवाल का रायपुर से नागपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निरीक्षण किया गया।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्री सुविधाओं के लिए चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेलवे ट्रेक, सहित अन्य रेल इन्फास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। रायपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक के साथ रायपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। दुर्ग स्टेशन पर कार्यरत रेलवे कर्मियों से मुलाकात कर उनके वर्किंग प्रणाली को जाना एवं उनका दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की रेलवे ट्रेकमैन की गैंग से रेल संरक्षा संबंधित चर्चा की।

रेलवे अधिकारियों से चर्चा के दौरान मेंबर इंफ्रा ने रेल साधन-संसाधनों का उचित प्रयोग एवं टीमवर्क पर जोर दिया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति श्री आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन श्री बजरंग अग्रवाल, बिलासपुर मुख्यालय के संबंधित अधिकारी एवं रायपुर रेल मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरेली में पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश



**आरंग( विश्व परिवार )।** स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन नगर में निरंतर रचनात्मक कार्यों में अहम् भूमिका निभा रहे है। फांऊडेशन के सदस्यों ने बताया फाउंडेशन के द्वारा रोज कुछ न कुछ रचनात्मक गतिविधियां किया जाता है।नगर में हरियाली लाने पौधारोपण करने व उनके संरक्षण को लेकर पीपला फाउंडेशन लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं। वहीं फाउंडेशन के सदस्यों ने हरेली के अवसर पर मंडी रोड में स्थित विशाल मैदान में नीम, आम, आंवला , बरगद इत्यादि अनेक पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही लोगों से भी पौधारोपण व संरक्षण के लिए लगातार अपील कर रहे हैं। वही सावन के तीसरे सोमवार को नगर, क्षेत्र, प्रदेश व संपूर्ण देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना के लिए नगर के अनेक स्वयंभू शिवलिंगों में देश के विभिन्न नदियों के जल से जलाभिषेक कर भगवान शिव से कामना करने की तैयारी में जुटे हैं।

## जन समस्या निवारण शिविर से वार्ड वासियों को मिला लाभ



**रायपुर( विश्व परिवार )।** आज शंकर नगर वार्ड 30 में प्रातः 10 बजे से शिविर प्रारम्भ हुआ पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया इस दौरान वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि वार्ड के ही स्व सहायता समूह की बहनो को 6 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही जितेंद्र महानन्द को व्यापार हेतु पचास हजार की साहायता राशि प्रदान की गई ,इसके अलावा अनेको हितग्राहियो को तत्काल राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बना कर दिया गया,साथ ही साथ राजस्व कार्य, नल जल बिजली से सम्बंधित कार्य भी तत्काल किये गए।इसके अलावा उपस्तिथ समस्त जनो को कपड़े का थैला भी वितरित किया गया जिससे प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो।

इस अवसर पर जोन क्रमांक 3 के जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू जी, पार्षद सुमन राम प्रजापति,जोन कमिश्नर जशदेव बामबरा जी,राकेश अवधिया जी,महादेव रक्सेल जी, पूनम साहू ,अंजली बारले जी,टिकेंद्र वर्मा, फारूकी,सुधीर चौबे, सुनील परेतकर ,गुड्डू वर्मा जी,हरिवंश वर्मा,अनूप वर्मा, श्रवण मिश्रा ,जीवेंद्र वर्मा, आकाश बलानी , राम तांडी, महेन्द्र धनकर,भारती यादव जी,आशु अग्रवाल , जमीला खान, कीर्ति शर्मा, सहित सभी ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### उरकुरा गेट रेलवे समपार फाटक पर मरम्मत के लिये सड़क यातायात बंद रहेगा

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल के उरकुरा समपार फाटक क्रमांक 414 (कि.मी.823/06-08) मिडिल लाइन में दिनांक 07.08.2024 को सुबह 08=00 बजे से दिनांक 09.08.2024 को सुबह 08=00 बजे तक बंद रहने की संभावना है आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा । समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं ।

## एफसीआई खुले बाजार योजना के तहत चावल की बिक्री कार्यालय खुले

**महारष्ट्रा( विश्व परिवार )।** एफसीआई, क्षेत्रीय कार्यालय महाराष्ट्र ने ओएमएसएस (डी) के तहत 24 अगस्त के पहले सप्ताह से बिक्री के लिए चावल की पेशकश शुरू कर दी है। चावल के स्टॉक खरीदने के इच्छुक खरीदार खुद को एफसीआई के ई-नीलामी सेवा प्रदाता एम-जंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के साथ सूचीबद्ध कर सकते हैं और स्टॉक के लिए बोली लगा सकते हैं। जो भी पक्ष अपना नाम पंजीकृत कराना चाहते हैं, उनके लिए पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया 72 घंटों के भीतर पूरी हो जाएगी। आगामी नीलामी दिनांक 07.08.2024 के लिए गोवा राज्य सहित पूरे महाराष्ट्र क्षेत्र में कुल 2000 मीट्रिक टन चावल का स्टॉक पेश किया जा रहा है। चावल के व्यापारी/थोक खरीदार/निर्माता भाग ले सकते हैं। चावल के लिए प्रति बोलीदाता न्यूनतम मात्रा 10 मीट्रिक टन और अधिकतम बोली मात्रा 1000 मीट्रिक टन से अधिक नहीं होगी। ओएमएसएस (डी) योजना से बढ़ती कीमतों पर काबू पाने में मदद मिलेगी और आम आदमी को काफी राहत मिलेगी।


चेहरे की चर्बी घटायें



चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं गयानगर नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
फोन : 9827143060/8871003060

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
G.S.T. रिटर्न Food Licence
इन्कम TAX फाईल M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
9300755544, 8878655544


### दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट "**दैनिक विश्व परिवार**" से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

"**दैनिक विश्व परिवार**" दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को "**दैनिक विश्व परिवार**" के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

सम्पर्क : 99810-93065, 62662-63552


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354